वर्ष 24, अंक 275, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 14 अप्रैल 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# नोएडा में लगभग 42,000 मजदूर, 83 जगहों पर सड़कों पर उतरे

**नोएडा**

**उत्तर** प्रदेश के नोएडा के फेज-2 इलाके में सोमवार सुबह वेतन को लेकर श्रमिकों का प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया. हो गया. करीब 9:30 बजे एक निजी कंपनी के कर्मचारी सैलरी की मांग को लेकर एकत्र हुए थे, लेकिन पुलिस से कहासुनी के बाद स्थिति तेजी से बिगड़ गई और प्रदर्शन उग्र रूप ले बैठा.

नोएडा के फेज 2 में, एक कंपनी के बड़ी संख्या में कर्मचारी वेतन वृद्धि की अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन के लिए जमा हुए. इस विरोध प्रदर्शन के दौरान वाहनों और संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया गया, और पत्थरबाजी भी हुई. स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए यहाँ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस मामले में 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

उधर, लखनऊ में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर कड़े निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर श्रमिक को सम्मानजनक मानदेय, सुरक्षित कार्य वातावरण और सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए.

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी औद्योगिक इकाइयां श्रम कानूनों का अक्षरशः पालन करें और श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए. सीएम ने निर्देश दिया कि सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अगले 24 घंटे के भीतर उद्योग संगठनों, प्रतिनिधियों और इकाई प्रबंधन से सीधा संवाद स्थापित करें.

## झूठ बोलने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार पहले नंबर पर- अखिलेश



मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सभी औद्योगिक इकाइयों से लगातार संवाद बनाए रखने को कहा. साथ ही चेतावनी दी कि श्रमिकों के नाम पर माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और औद्योगिक क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई जाए.

इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि देश में कमजोर पड़ चुके नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने की साजिशों से सतर्क रहें और किसी भी भड़काऊ गतिविधि पर कड़ी नजर रखें.

नोएडा फेज 2 में एक कंपनी के कर्मचारियों द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शन पर रढ प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, "झूठ बोलने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार पहले नंबर पर है. मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि यह एक साज़िश है, लेकिन अगर सच में यह एक साज़िश है, तो क्या उनकी इंटेलिजेंस विंग भी उनके साथ बंगाल में चुनाव प्रचार करने गई थी? इसे 'साज़िश' का नाम देकर, वे बस अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

## बवाल के बाद एक्शन में योगी सरकार



**नोएडा** में वेतन संशोधन की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर श्रमिकों के चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, उत्तर प्रदेश सरकार ने गौतम बुद्ध नगर जिले में बढ़ते औद्योगिक अशांति को दूर करने के लिए सोमवार को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। यह कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद उठाया गया है। राज्य श्रम विभाग श्रमिकों के हितों की रक्षा और सामान्य स्थिति बहाल करने के उद्देश्य से कदम उठा रहा है, जिसका लक्ष्य सभी संबंधित हितधारकों के साथ प्रभावी संवाद के माध्यम से औद्योगिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रशासन के अनुसार, इस समिति का गठन सभी हितधारकों से परामर्श करने और श्रमिकों की शिकायतों के समाधान की दिशा में काम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से हाल के प्रदर्शनों के मद्देनजर।

इस समिति की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एमएसएमई) और प्रधान सचिव (श्रम एवं रोजगार) को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि कानपुर से मनोनीत एक अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। समिति में श्रमिक संघों के पांच प्रतिनिधि और औद्योगिक संघों के तीन प्रतिनिधि भी शामिल हैं। उच्च स्तरीय समिति गौतम बुद्ध नगर जिले में पहुंच चुकी है ।

## बंगाल में 34 लाख मतदाता नहीं डाल पाएंगे वोट

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने साफ कर दिया कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं और जिनकी अपील अभी लंबित है, उन्हें फिलहाल मतदान का अधिकार नहीं दिया जाएगा. इस फैसले से लाखों मतदाताओं की उम्मीदों को झटका लगा है.



कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान हटाए गए नामों वाले मतदाताओं को अंतरिम तौर पर वोट देने की अनुमति देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना पूरी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है.

लाखों अपीलें लंबित, फिर भी वोट की अनुमति नहीं

सुनवाई के दौरान टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने बताया कि करीब 16 लाख अपीलें दायर की गई हैं और इन लोगों को चुनाव में वोट देने दिया जाना चाहिए. वहीं, जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि कुल अपीलों की संख्या 34 लाख तक पहुंच चुकी है.

मुख्य न्यायाधीश का साफ जवाब

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस मांग को खारिज करते हुए कहा, 'यह पूरी तरह संभव नहीं है. अगर ऐसा किया गया तो वोटिंग अधिकारों को निलंबित करना पड़ेगा।

## बीजेपी भ्रष्टाचारियों को जेल में डालेगी: अमित शाह

# ममता बनर्जी का चेला बाबरी मस्जिद बनाना चाहता: अमित शाह

**पश्चिम**

**पश्चिम** बंगाल के वेस्ट मेदिनीपुर के रानीगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (13 अप्रैल 2026) को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दे रहीं हैं और बंगाल में घुसपैठ के लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहरा रही हैं. रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'आप लोग बेखौफ और बे-रोक-टोक मतदान करना. ममता बनर्जी के किसी भी गुंडे की मजाल नहीं है कि इस बार वो बंगाल के किसी भी मतदाता को रोक पाए. बड़ी संख्या में मतदान होते ही ममता का जाना सुनिश्चित हो जाएगा.'

ममता बनर्जी का चेला बाबरी मस्जिद बनाना चाहता: अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने हुमायूं कबीर को सीएम ममता बनर्जी का चेला करार दिया. उन्होंने कहा, 'ममता दीदी राम मंदिर का विरोध करती थीं और अपने चेले-चपाटों को बंगाल में आगे कर बाबरी मस्जिद बनाने का सपना दिखा रही हैं. ममता बनर्जी का चेला हुमायूं कबीर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है. कांग्रेस और ममता बनर्जी ने



रामलला को 550 सालों तक तंबू के अंदर रखने का समर्थन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया.'

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'बेरोजगार युवाओं की नौकरियों में अरबों-करोड़ों रुपये खाने वाले ळटउ के लोग मानते हैं कि हमने कुछ नहीं किया होगा. मैं भतीजे को बता कर जाता हूं कि अपने भ्रष्टाचारियों को आगाह कर देना, बीजेपी उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम करेगी. ममता दीदी ने एक जमाने में पूरे भारत का औद्योगिक केंद्र माने जाने वाले बंगाल के युवाओं को बेरोजगार कर दिया है. हमने तय किया है कि बंगाल में बीजेपी सरकार बनते ही 5 बड़े इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाकर पूरे बंगाल में इंडस्ट्री वापस लाने का काम पीएम मोदी करने वाले हैं.'

UCC समेत गृह मंत्री ने किए ये वादे

उन्होंने कहा, 'हम यहां UCC लाएंगे. 45 दिन में सरकारी कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग देंगे. हर दीदी के बैंक अकाउंट में हर महीने 3 हजार रुपये बीजेपी सरकार पहुंचाएगी. गर्भवती माता को 21 हजार रुपये दिए जाएंगे. सभी बहनों को सरकारी बस में मुफ्त यात्रा मिलेगी. सरकारी नौकरियों में 33 फीसदी महिला आरक्षण हम करेंगे और बेरोजगार युवा के बैंक खाते में हर महीने 3 हजार रुपये भेजने का काम हम करेंगे।

### हमारा लक्ष्य बंगाल में मुसलमानों के लिए राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करना

पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को रानीगंज में दरगाह गोशे बंगला पर पहुंच कर चादर चढ़ाई. इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आरक्षण बिल को लेकर सवाल उठाए और मीडिया के कई सवालों के जवाब दिए.

महिला आरक्षण बिल पर पीएम मोदी ने सबसे समर्थन मांगा और इसे लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम बताया. इस पर जब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'विधेयक क्या है? मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है. कम से कम विधेयक की एक प्रति तो भेजनी चाहिए.' हुमायूं कबीर ने टीएमसी और एआईएमआईएम पर समझौता करने का आरोप लगाया है. इस पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, "कभी टीएमसी तो कभी हुमायूं हमें भाजपा की 'बी टीम' कहते हैं।

## निशांत कुमार बिहार की नई सरकार में नहीं बनना चाहते डिप्टी सीएम



**बिहार**

**बिहार** से बड़ी सियासी खबर आई है. सूत्रों के मुताबिक, सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार फिलहाल नई सरकार के कैबिनेट में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं. सूत्रों की मानें तो निशांत कुमार नई सरकार में डिप्टी सीएम नहीं बनना चाहते. वो संगठन का काम करना चाहते हैं. हालांकि पार्टी नेताओं की इच्छा है कि वह नई सरकार की कैबिनेट में शामिल हों. निशांत से नेताओं की बातचीत जारी है.

गौरतलब है कि बिहार में जहां बीजेपी पहली बार सीएम पद पर अपने नेता के काबिज होने का इंतजार कर रही है, वहीं जेडीयू के लोग चाहते हैं कि बिहार की कमान निशांत कुमार को मिले यानी उन्हें मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाए. लेकिन सूत्र अब ये दावा कर रहे हैं कि निशांत सरकार में शामिल ही नहीं होना चाहते.

बिहार में सीएम के नाम पर मंथन जारी

बता दें कि बिहार में नए सीएम के नाम पर मंथन जारी है. सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के सम्राट चौधरी का नाम सीएम की रेस में सबसे आगे हैं. मौजूदा सरकार में वो नीतीश कुमार के बाद 'नंबर दो' हैं क्योंकि उनके पास गृह विभाग जैसी बड़ी जिम्मेदारी है. लेकिन बीजेपी अपने फैसलों से सबको चौंकाती रही है, ऐसे में कोई भी नेता खुलकर बोलने से बच रहे हैं.

मंगलवार (14 अप्रैल) को बिहार में जेडीयू के विधायकों की बैठक है. बीजेपी भी अपने विधायकों के साथ बैठक करेगी।

## मानव तस्करी का भंडाफोड़, नौकरी के झांसे में युवती को 1.20 लाख में बेचा

**सोनभद्र**

**उत्तर** प्रदेश की सोनभद्र पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें उसने मानव तस्करी से जुडी दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. ये गिरोह धोखे से महिलाओं-युवतियों को काम दिलाने के बहाने गलत हाथों में बेच देतीं थीं. एक युवती को आगरा और अलीगढ में लेजाकर बेचा भी है, जहां उसके साथ यौन शोषण किया गया. पुलिस के मुताबिक इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विशेष अभियान शुरू

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में आज एक अहम राजनीतिक पहल के तहत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार को गति देने के लिए एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई. इस पहल के जरिए आम लोगों को सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया है ताकि महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत बनाया जा सके. इस अभियान में एक मिस्ड कॉल नंबर जारी कर लोगों से समर्थन देने की अपील की गई है.

सांसद कमलजीत सहरावत और सांसद बांसुरी स्वराज ने संयुक्त प्रेसवार्ता में 9667173333 नंबर जारी करते हुए लोगों से अपील की



कि वे इस पर मिस्ड कॉल देकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी सहमति दर्ज कराएं. इसके साथ ही नारीशक्तिवंदन हैशटैग भी लॉन्च किया गया ताकि यह अभियान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी व्यापक रूप से फैल सके.

पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ आयोजन

इस प्रेसवार्ता का संयोजन प्रदेश प्रवक्ता न्योमा गुप्ता ने किया. कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, महिला मोर्चा प्रभारी श्यामबाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज और वैशाली पोद्दार भी मौजूद रहीं. सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प जताया.

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर

कमलजीत सहरावत ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ळ के नारे को साकार करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया. उन्होंने बताया कि आज महिलाएं नेवी, एयरफोर्स और अन्य क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और अब देश ह्यवुमेन लेड डेवलपमेंटह्ळ की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

## अरविंद केजरीवाल हाई कोर्ट में खुद बने अपने 'वकील', सभी पक्षों की जिरह के बाद फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**

**आबकारी** नीति मामले में अरविंद केजरीवाल समेत अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया. याचिका में इस मामले में लोअर कोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को अलग किए जाने की मांग ( रिक्यूजल) की गई है. सोमवार (13 अप्रैल) को अरविंद केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी दलील दी.

सीबीआई की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता

सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए. वहीं दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की तरफ से सीनियर वकील संजय हेगड़े ने दलील रखी.

'रिक्यूजल की अर्जी को सख्ती से खारिज किया जाना चाहिए'

एसजी तुषार मेहता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल की अर्जी को सख्ती से खारिज किया जाना चाहिए।

### नम आंखों से देश ने दी विदाई, बेटे ने दी मुखाग्नि

# पंचतत्व में विलीन हुई सुरों की मल्लिका

**मुंबई**

**दिग्गज** गायिका आशा भोसले को सोमवार, 13 अप्रैल, 2026 को शाम 5:18 बजे मुंबई के शिवंजी पार्क श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके बेटे आनंद भोसले ने चिता को अग्नि दी। भारतीय संगीत जगत की इस महान गायिका का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को सीने में संक्रमण और थकान के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था,




जहां रविवार को कई अंगों के विफल होने के कारण उनका निधन हो गया। रविवार शाम को आशा ताई के पार्थिव शरीर को उनके मुंबई स्थित आवास पर ले जाया गया, जहां रणवीर सिंह, जावेद अख्तर, विद्या बालन सहित कई हस्तियों और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जैसे राजनेताओं ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा, परिवार ने सोमवार (13 अप्रैल) को भी सुबह 11:00 बजे लोअर परेल स्थित उनके आवास, कासा ग्रांडे में गायिका के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए रखा। बाद में सोमवार दोपहर को, दिग्गज गायक को श्मशान घाट ले जाया गया।

आशा भोसले की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पार्थिव शरीर को लोअर परेल से शिवाजी पार्क ले जाए जाने के दौरान लोग अपने घरों की छतों और खिड़कियों से ह्यआशा ताईह्ळ को नम आंखों से विदाई दे रहे थे, और सैकड़ों लोग उस वाहन के साथ चल रहे थे जिसमें महान गायिका की ह्यनिष्प्राण देहह्ळ रखी थी। पार्थिव शरीर को ले जा रहे वाहन को आशा के पसंदीदा सफेद और पीले फूलों से सजाया गया था, जिस पर लाल साड़ी पहने, बिंदी लगाए और महाराष्ट्र की पारंपरिक नथ पहने महान गायिका की एक बड़ी तस्वीर लगी हुई थी।

## 6 घंटे का सफर अब मात्र 2.5 घंटे में पूरा होगा

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय लगभग आधा रह जाएगा। साथ ही, वह हाई-स्पीड एक्सप्रेसवे के एलिवेटेड सेक्शन पर वन्यजीव मार्ग की भी समीक्षा करेंगे। दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, यह गलियारा दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है तथा इससे राष्ट्रीय राजधानी एवं देहरादून के बीच यात्रा का समय



मौजूदा छह घंटे से घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा। प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह सहारनपुर जाकर दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर बने ह्यवन्यजीव गलियारे की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मोदी देहरादून के पास स्थित ह्यमां डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। बयान में कहा गया है कि इसके बाद प्रधानमंत्री देहरादून में एक सार्वजनिक समारोह में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

# कुकुढी गांव में आग का तांडव: कच्चा मकान व पूरी गृहस्थी जलकर राख, परिवार बेघर



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकुढी गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से एक कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। इस आग की घटना में मकान सहित उसमें रखा पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र सियाराम अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तभी अचानक आग की लपटें उठने लगीं। गर्मी का अहसासं होने पर उनकी नींद खुली तो घर में आग फैल चुकी थी। बृजेश ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही समाजसेविका अधिवक्ता अर्चना पासी मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं ग्राम प्रधान दिलीप शुक्ला ने लेखपाल से संपर्क कर नुकसान का आकलन कराते हुए सरकारी सहायता और आवास दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डायट प्राचार्य ने श्रृंगवेरधाम के शिक्षकों को निपुण सम्मान से नवाजा

## परिषदीय विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्रों की शानदार प्रस्तुति देख दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

### खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार कनौजिया ने स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का किया सम्मान





श्रृंगवेरपुर धाम बीआरसी में डायट प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देते बीईओ वीरेंद्र कुमार कनौजिया, शिक्षिका आकांक्षा सिंह को सम्मानित करते डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज।** फतेहपुर कायस्थान स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र में आयोजित निपुण सम्मान समारोह उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल चलो अभियान के तहत जनजागरूकता रैली से हुई, जिसे मुख्य अतिथि डायट के प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात नन्हे-मुन्ने छात्रों ने स्कूल चलो अभियान पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विविधता और बच्चों के आत्मविश्वास ने सभी का मन जीत लिया।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालयों के कक्षा 1 और 2 के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने कहा कि शिक्षकों को अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपनी छिपी प्रतिभा को सामने लाना होगा।

खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडेय ने अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के बेहतर शैक्षिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक बताया। वहीं, सीडीपीओ सुरेंद्र यादव ने संतुलित आहार पर जोर देते हुए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रकाश डाला।

समारोह में प्राचार्य सुरेंद्र प्रताप, बीईओ क्षमा शंकर पांडे और डायट मेंटर डाक्टर अंबालिका मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में ब्लाक के निपुण विद्यालयों के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कनौजिया ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मदन शुक्ला, इमरान कलीम, एआरपी दीनदयाल तिवारी, कमल सिंह, वंदना वर्मा, मो. अरशद, विवेक दुबे, विनय तिवारी, श्रद्धा और पूनम आदि तमाम लोग रहे।

# युवा शक्ति करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बने धीरेंद्र प्रधान, समर्थकों में खुशी की लहर



**अखंड भारत संदेश**

**उतराव।** युवा शक्ति करणी सेना में संगठन विस्तार के तहत प्रयागराज जनपद के नौबाजार निवासी धीरेंद्र प्रधान को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरज पाल अम्मू, प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान कर किया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य वीर प्रताप सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। प्रेस वार्ता में संगठन के विस्तार और हिंदुत्व व सनातन मूल्यों को सशक्त करने पर जोर दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री की छवि को धूमिल करने वालों के खिलाफ करणी सेना सख्त रुख अपनाएगी। हिंदुत्व के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ करणी सेना हमेशा खड़ी रहेगी और उन पर अपना तलवार भाजेगी ।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रधान एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता राम सजीवन यादव किसान हैं। संगठन में उनकी सक्रियता, कार्यशैली और जनसम्पर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

धीरेंद्र प्रधान के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पूरेसूरदास विद्यालय में प्रबंध समिति का पुनर्गठन सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने दिनेश यादव



**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर के कंपोजिट विद्यालय पूरेसूरदास में सोमवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन हेतु खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर द्वारा नामित पर्यवेक्षकों की निगरानी तथा विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक अरविंद मिश्रा की देखरेख में समिति के 11 अभिभावक सदस्यों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

बैठक में सर्वसम्मति से दिनेश कुमार यादव को अध्यक्ष एवं पूजा तिवारी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में दीपक कुमार, राहुल यादव, रमा शंकर, रीता, गेना देवी, आशीष कुमार, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव एवं अर्जुन सिंह का चयन किया गया। पदेन सदस्यों के रूप में राजेश कुमार यादव, एएनएम संगीता राय एवं लेखपाल श्याम लाल को शामिल किया गया, जबकि सदस्य सचिव का दायित्व प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्र को सौंपा गया। बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार एवं छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# सरायममरेज पुलिस ने 3 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जंघई।** सरायममरेज पुलिस द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में सरकार बनाम जंगबहादुर से सबंधित गिरफ्तार शुदा वारंटी रामू पुत्र पवन कुमार बब्बर बिंद निवासी समरुआ थाना सरायममरेज उम्र 34 वर्ष, आईपीसी बनाम रमाशंकर गिरफ्तार शुदा वारंटी अभियुक्त वीरेंद्र दुबे पुत्र केवाल प्रसाद उम्र 40 एवं रमाशंकर पाठक पुत्र रामशिरोमणि पाठक उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम ककरहा, तुलापुर जंघई प्रयागराज को विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व मे गिरफ्तार करने? वाली टीम में फैय्याह अहमद, उप निरीक्षक हरीशंकर सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार एवं हेड कांस्टेबल जामवंत सिंह शामिल रहे।

# मांडा बेदौली में 'स्कूल चलो' रैली, बच्चों को शिक्षा के लिए किया प्रेरित




**मांडा।** विकास खण्ड मांडा के प्राथमिक विद्यालय बेदौली में सोमवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक रैली निकाली गई। बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशों के अनुरूप आयोजित इस रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान बब्बूलाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रैली में शामिल बच्चे बैंड-बाजों और स्पीकर के साथ शिक्षा के नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्राथमिक विद्यालय बेदौली के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह ने रैली की देखरेख की। इस अभियान में विद्यालय के सहायक अध्यापक पंकज द्विवेदी, मोहम्मद खालिद, सुयश कुमार, राम मूर्ति और सुरेश कुमार पटेल ने सक्रिय सहयोग दिया। रैली विभिन्न मजरों (छोटे गांवों) से होते हुए वापस प्राथमिक विद्यालय बेदौली पर आकर समाप्त हुई।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान बब्बूलाल यादव ने सभी ग्रामवासियों से अपने 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों उल्लेख किया कि विद्यालय में अध्यापकों द्वारा अच्छी पढ़ाई कराई जा रही है। रैली में गांव के कई सम्मानित व्यक्ति भी उपस्थित रहे। अभियान के समापन पर ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक द्वारा सभी छात्रों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# थानापुर में भागवत कथा में परीक्षित जन्म व शुकदेव आगमन का सुंदर प्रसंग सुन श्रोता हुए भावविभोर

**अखंड भारत संदेश**




**सहसों।** थानापुर गांव में चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य श्री यशोदा नंदन जी महाराज ने परीक्षित जन्म तथा शुकदेव जी महाराज के आगमन का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण प्रसंग का सजीव वर्णन किया। सुंदर प्रसंग ने कथा पंडाल में उपस्थित रसिक श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है। इसके श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है और वह माया-मोह से मुक्त होकर भक्ति, ईश्वर प्रेम और वैराग्य की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने बताया कि सत्कर्म और भक्ति के माध्यम से ही जीव को मोक्ष एवं भगवान के चरणों में सद्गति की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान मनोरम प्रसंगों को सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नर-नारी भावविभोर हो उठे। कथा के उपरांत मुख्य यजमान मानिक चंद्र द्विवेदी एवं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान बांके बिहारी एवं व्यास पीठ की आरती उतारी। पश्चात सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता शिव बाबू दुबे, पूर्व प्रधान चंद्रेश नारायण द्विवेदी (पिंटू), रामबाबू दुबे, के.बी. सिंह, डॉ. अनंत मिश्रा, सूर्यकांत मिश्रा, कृष्णकांत, त्रियुगी नारायण, सुरेश चंद्र, रजत द्विवेदी, विशाल कुमार, डॉ. संगम लाल शुक्ला, लक्ष्मीकांत दुबे, अनिल दुबे, विजयकांत एवं देवराज सहित बड़ी संख्या में श्रोता नर नारियों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

### युवक को मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर उर्फ अकबरपुर निवासी राहुल कुमार का आरोप है कि वह मऊआइमा के ग्राम पिलखुआं मोड पर बैठा था तभी विपक्षी एक राय होकर आए लाठी डंडा से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। डायल 112 नम्बर पर सूचना देने पर गालियां देते हुए भाग गए। राहुल कुमार ने मऊआइमा थाना में राजा बाबू पटेल सुल्तानपुर उर्फ अकबरपुर, गोविन्दा ग्राम गेंदा उमरिया, त्रिलोकीनाथ पटेल ग्राम सराय लालू तथा एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### अस्पताल में कुल्हाड़ी से तोड फोड मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशानी उर्फ शिकोहाबाद निवासी सूर्यपाल पुत्र बंशीलाल का कहना है कि वह ग्राम कटरा दयाराम में भाडे का कमरा लेकर निजी अस्पताल का संचालन करते हैं। आरोप है कि मकान मालिक का लडका कुल्हाड़ी लेकर अस्पताल में घुसकर शीशे आदि तोड दिया बोलने पर गालियां दी , मारा पीटा। अस्पताल मालिक सूर्यपाल ने मऊआइमा थाना में अजय कुमार उर्फ खिलाड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# गौरा गांव में लोक कलाकारों का महासंगम, चैता गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी यादगार संध्या

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद के कौंधियारा क्षेत्र अंतर्गत गौरा ग्राम सभा में रविवार, 12 अप्रैल 2026 को लोक कलाकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की पारंपरिक लोक कला, संस्कृति और विरासत को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों एवं ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे पूरे गांव का वातावरण सांस्कृतिक उल्लास से भर गया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध लोक कलाकार भारत लाल कुशवाहा ने अपनी मधुर आवाज में माटी की खुशबू से सराबोर चैता गीत प्रस्तुत किए। उनके गीतों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। पारंपरिक चैता गीतों की प्रस्तुति ने क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया।

इस अवसर पर आकाशवाणी से जुड़े वरिष्ठ कलाकार त्रिभुवन नाथ गौड़, रघुराज यादव, संगम लाल यादव, राकेश कुमार (बेनीपुर), सीमा शर्मा, अजय कुमार यादव, अभय कुमार यादव, इंद्रजीत पटेल, अक्षय लाल विश्वकर्मा, रामबाबू यादव और कृष्णानंद कुशवाहा सहित अनेक कलाकार उपस्थित रहे। सभी ने लोक कला के संरक्षण, संवर्धन और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए।

बैठक में कलाकारों ने चिंता जताई कि आधुनिकता के दौर में पारंपरिक लोक कलाएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। इस पर सभी ने समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति को जीवित रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन देर रात आयोजित सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें लोकगीत, भजन और अन्य प्रस्तुतियों ने समूचे गांव को उत्सवमय बना दिया।

### अंबेडकर जयंती पर स्वास्थ्य शिविर

**जारी।** यमुनापार में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती आदिवासी बस्ती बघोलवा में अनोखे ढंग से मनाई जा रही है । मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर 11:00 बजे आदिवासी गाव बघोलवा मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग काशी प्रांत द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें निशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परीक्षण अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा । शिविर में बाघोलवा, माझियारी ,हर्रो खौरिया, बोडे.का पुरवा, चांदी, मैदा, पटेल नगर , कुड़ी गौहानी चांदी आदि गांव के लोग उपस्थित रहेंगे । इस बात की जानकारी आर एस एस के जिला प्रचार प्रमुख गोविंद शरण ने दी है।

### वृद्धा की सडी गली लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के बोडीपुर धरौता निवासनीय लल्ली देवी 65 वर्ष पत्नी नन्दलाल आर्थिक तंगी से जूझ रही थी।पति मानसिक रूप से कमजोर होने से बीस साल से लापता है। लल्ली देवी अपने पागल पुत्र राज बहादुर के साथ रहती थी।बडा पुत्र समर बहादुर छोटे भाई के पागलपन से ऊब कर सपरिवार दिल्ली चला गया। रविवार को सुबह लल्ली देवी 65 वर्ष की सडी गली लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली। ग्रामीणों ने बताया कि वह इधर-उधर मांग कर पेट भरती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है


## कार्यालय ग्राम पंचायत आदमपुर नादिर अली विकास खण्ड मूरतगंज कौशाम्बी

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0अधि0/निविदा/2026-27 दिनांक 13/04/2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत आदमपुर नादिर अली में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/एस0बी0एम0 फेज-02 के अन्तर्गत इण्टरलाकिंग, नाली, सोक पिट, हैण्ड पम्प मरम्मत, हैण्ड पम्प रिबोर, प्रा0वि0/पूर्व माध्यमिक वि0 मरम्मत आदि से सम्बंधित कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 14/04/2026 से दिनांक 20/04/2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 21/04/2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा, सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी।

**कार्यों का विवरण निम्नवत है।**

| क्र0 सं0 | परियोजना का विवरण | प्राक्कलित धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | अजीत के घर से रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण | 2.77 | 1 माह |
| 2. | आदमपुर रोड से बब्लू यादव के घर तक इंटरलाकिंग | 4.57 | 1 माह |
| 3. | रामकरन के घर से सिद्धू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली मरम्मत | 0.95 | 15 दिवस |
| 4. | हैण्डपम्प मरम्मत | 1.5 | 1 माह |
| 5. | पंचायत भवन के पीछे व बगल में इंटरलाकिंग | 2.99 | 1 माह |
| 6. | प्रशासनिक खरीद | 1.0 | 1 माह |

**पुष्पा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**मूरतगंज-कौशाम्बी**

**आशीष कुमार**
**ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0 अधि0**
**मूरतगंज-कौशाम्बी**


# मांडा कोसड़ाखुर्द में सपा नेत्री ने निकाली रैली

### डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पर सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोसड़ाखुर्द में समाजवादी पार्टी की नेत्री और जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल ने सोमवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर एक विशाल रैली निकाली। इस रैली में सैकड़ों महिलाएं और युवा शामिल हुए।

यह रैली मांडा विकास खंड के कोसड़ाखुर्द ग्राम पंचायत की हर गली में डीजे बाजे के साथ निकाली गई। इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में गाने बजाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुमन कोल के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मांडा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भी पैदल और मोटरसाइकिल से शोभा यात्राएं एवं रैलियां निकाली गईं। इन आयोजनों में सैकड़ों महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी (सपा) ने 13 अप्रैल 2026 को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाई। यह कार्यक्रम प्रयागराज के मांडा स्थित राजापुर में सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय दिनेश पासी के गृह निवास पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राजापुर से एक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली बेला, हेमपुर और कुखड़ी होते हुए मांडा पहुंची और फिर वापस राजापुर में स्वर्गीय दिनेश पासी के आवास पर समाप्त हुई।

मोटरसाइकिल रैली के बाद, राजापुर में पप्पू भारती के निवास पर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय राज सिंह यादव ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप पटेल उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान श्याम बिहारी मौर्या ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर डॉ. सनाउल्ला खान (प्रदेश सचिव), राजू पासी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अंबेडकर वाहिनी), इंजीनियर जगदीश सिंह यादव (जिला महासचिव), डॉ. उमेश यादव, मैनुद्दीन अंसारी, विकास मौर्या, मदन बिंद,मनोजा देवी कोल, डॉ लवलेश गौतम, राजेश गौतम, कमलेश कोल (प्रधान ), अशोक गौतम, जगदीश रावण, हरिशंकर, रीता, सतना देवी, विमला देवी, रिनू , सीमा आदि कोसड़ा खुर्द से मेहाजागीर, बनवारी गेरुआडीह, देवा दसवार हाटा, में शोभा यात्रा एवं रैली निकाली गई।

# स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं में मिली खामियां, सुधार के निर्देश





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को अपर नगर मजिस्ट्रेटों की संयुक्त टीम ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, वहीं साफ-सफाई, स्टाफ की उपलब्धता और कुछ तकनीकी सेवाओं में खामियां भी उजागर हुईं।

अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम दिग्विजय सिंह ने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। यहां पेयजल के लिए दो वाटर कूलर क्रियाशील मिले, लेकिन उनके आसपास गंदगी पाई गई। सफाई के लिए 10 कर्मचारियों की ड्यूटी तय होने के बावजूद मौके पर केवल दो कर्मचारी ही कार्यरत मिले। ड्यूटी चार्ट भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। पैथोलॉजी में केवल लैब टेक्नीशियन द्वारा ही रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए जाने की बात सामने आई, जबकि चिकित्सक की नियुक्ति नहीं है। सीटी स्कैन कक्ष बंद मिला और चिकित्सक अनुपस्थित थीं, वहीं इसका संचालन मेडिकल छात्र द्वारा किया जा रहा था। ओपीडी में अत्यधिक भीड़ रही और काउंटरों की संख्या कम पाई गई। दवा वितरण केंद्र में कंप्यूटरीकृत व्यवस्था नहीं थी और फार्मासिस्ट पर कार्य का अधिक दबाव पाया गया।

अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय ठाकुर प्रसाद और तृतीय हीरालाल सैनी ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। यहां ऑक्सीजन पैनल और अधिकांश उपकरण चालू मिले, लेकिन दो वेंटिलेटर खराब पाए गए। एक्सरे कक्ष बंद था और सीटी स्कैन मशीन खराब होने के कारण सेवा प्रभावित रही। मरीजों और तीमारदारों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। दूसरी मंजिल पर पानी और साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं मिली। हालांकि नई बिल्डिंग में ओपीडी, डायलिसिस और आईसीयू सेवाएं सुचारू रूप से संचालित होती मिलीं और दवाइयों की उपलब्धता पर्याप्त रही।

अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ अविनाश सिंह ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया, जहां कुछ चिकित्सक अनुपस्थित मिले और उनके मीटिंग में होने की जानकारी दी गई। साफ-सफाई की स्थिति सामान्य रूप से संतोषजनक रही, लेकिन सुधार की जरूरत बताई गई। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की देखभाल बेहतर पाई गई और परिजनों ने दवाइयों की उपलब्धता व वितरण व्यवस्था पर संतोष जताया।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संबंधित विभागों को व्यवस्थाओं में सुधार लाने और कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

# बरहाकला के बबुरा गांव में वृद्ध महिला की हत्या : खुले बरामदे में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा क्षेत्र स्थित बरहाकला ग्राम पंचायत के बबुरा गांव में एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई। रविवार भोर में (62) वर्षीय कस्तूरा देवी का शव उनके घर के खुले बरामदे में चारपाई पर मच्छरदानी के अंदर मिला। कस्तूरा देवी एक सेवानिवृत्त रेलकर्मी की पत्नी थीं। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेज दिया। रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। इसके बाद नरवर चौकठा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतका की बेटी ऊषा के बेटे सूरज ने उन्हें मुखाग्नि दी।

इस मामले में मृतका की बेटी की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों के बीच हत्या के कारणों को लेकर विभिन्न तरह की चचाएं हैं। कुछ लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ अन्य गहनों के लालच में किसी नशेड़ी द्वारा वारदात को अंजाम देने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तहरीर में गहनों की लूट का कोई जिक्र नहीं है और परिवार ने भी ऐसी कोई शिकायत नहीं की है।

डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

# चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी एवं जिला उप संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में सोमवार को एनआईसी सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रियाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत में जनपद में कुल 53 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही थी। इनमें से 31 मार्च 2026 तक आठ गांवों का धारा-52 के तहत प्रस्ताव चकबंदी निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजा जा चुका है। बैठक में 35 वर्षों से लंबित तहसील फूलपुर के ग्राम राजेपुरमय सराय अरजानी की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण कर धारा-52 का प्रस्ताव भेजे जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए संबंधित चकबंदी लेखपाल और चकबंदीकर्ता को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष गांवों में चकबंदी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करते हुए किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चकबंदी से जुड़े पुराने वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने और प्रत्येक कार्य दिवस पर पीठासीन अधिकारियों को न्यायालय में उपस्थित रहकर नियमित न्यायिक कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में उप संचालक चकबंदी विजय शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजीव कुमार सहित सभी चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी और संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयन्ती की पूर्व संध्या पर हर्षोल्लास के साथ मना गया






**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती की पूर्व संध्या पर समरसता कार्यक्रम का आयोजन वेलकम गेस्ट हाउस पी डी ए कालोनी नैनी में हर्षोल्लास के साथ मना गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता रमेश जी प्रांत प्रचारक काशी प्रान्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक समरसता पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस पर क्या कार्य कर रहा उसको भी बताया। हिन्दू समाज शाक्तिशाली व समृद्ध तभी हो सकता जब सब समरस हो । बाबा साहेब के जीवन से मिली शिक्षाओं का जिक्र करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम करण दास जी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी ब्रह्मादासजी महंत शिव मन्दिर ने किया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पाषर्द दिलीप जायसवाल 'दीपू' ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों द्वारा समरसता से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम में पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल एवं समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व था।

# लेप्रासी चौराहा से मिर्जापुर तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क को लेकर सांसद उज्ज्वल रमण ने एनएचआई अधिकारियों के साथ की बैठक

वरिष्ठ सपा नेता लल्लन सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में सांसद ने परियोजना संबंधी विभिन्न पहलुओं और स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से की चर्चा कहा कार्य योजना बनाते समय जमीनी हकीकत यातायात दबाव और स्थानीय जरूरतों को दी जाय प्राथमिकता

**अखंड भारत संदेश**


मेजारोड में एनएचआई अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेते सांसद उज्जवल रमण सिंह

**मेजा।** प्रयागराज के मेजा में सोमवार को सांसद उज्जवल रमण सिंह ने एनएचआई अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक नैनी स्थित लेप्रोसी चौराहा से मिजार्पुर तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क निर्माण परियोजना को लेकर आयोजित की गई थी। बैठक सपा के वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह के आवास पर हुई जिसमें परियोजना के विभिन्न पहलुओं और स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक से सांसद ने नैनी के लेप्रोसी चौराहा से प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना बनाते समय जमीनी हकीकत, यातायात दबाव और स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में कोई समस्या उत्पन्न न हो। सांसद ने बैठक में स्पष्ट किया कि मेजारोड बाजार क्षेत्र में किसी भी कीमत पर दुकानों को नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सड़क निर्माण केवल विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों की

आजीविका से जुड़ा विषय है। इसलिए, व्यापारियों के हितों की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी। भारी वाहनों के आवागमन को बाजार से बाहर रखने के लिए सांसद ने दो प्रमुख विकल्प सुझाए। उन्होंने कहा कि रामपुर क्षेत्र के गंगा पथ कछारी मार्ग को विकसित कर मिजार्पुर जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया जा सकता है। दूसरा विकल्प यह है कि यदि फ्लाईओवर का निर्माण संभव न हो, तो कठौली से लखनपुर तक बाईपास मार्ग विकसित कर यातायात को बाजार क्षेत्र से बाहर निकाला जाए।सांसद उज्जवल रमण सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकल्पों से मेजारोड बाजार में जाम की समस्या कम होगी और स्थानीय व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जल्द से जल्द कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

एनएचआई अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने का कार्य नित्या नायरा कंपनी को सौंपा गया है। डीपीआर तैयार होने के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई निर्धारित होगी। इस बैठक में योगेन्द्र प्रताप सिंह, देशराज सिंह, दिलावर सिंह, श्याम कृष्ण यादव (पप्पू), सीपू सिंह, उमा यादव, विशाल पटेल, विनय कुशवाहा, अंशु सिंह, पप्पू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# संविलियम विद्यालय ऊंचडीह में स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

## ग्राम प्रधान मुन्नालाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालते संविलियम विद्यालय ऊंचडीह के बच्चे और शिक्षक

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के संविलियन विद्यालय ऊंचडीह में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुन्नालाल, एआरपी जगदीश मिश्र एवं अजीत मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य व्यक्ति अभिभावक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार शुक्ला,सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार सिंह, सुरेश कुमार, जगदीप सिंह, शिवम द्विवेदी, श्रीमती स्नेह साहू, श्रीमती वंदना पाल, पशुपतिनाथ गुप्ता, सूर्य प्रकाश सिंह, श्रीमती आरती पाल स्पेशल एजुकेटर एवं आंगन बाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को अवश्य मिलती है मंजिल : दुर्गा प्रसाद

क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित सर्वाधिक लोकप्रिय एमएल पब्लिक स्कूल के सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल से किया गया सम्मानित,स्कूल के चेयरमैन ने दी बधाई किया उज्ज्वल भविष्य की कामना



मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित करते प्रबंध तंत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के बगहा,सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल प्रबंध तंत्र द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर और शक्ति का केंद्र है। ऐसे में बच्चो को पूरी मेहनत और लगन से पढ़ना बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे ध्यान पूर्वक मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करते हैं वे मंजिल को अवश्य प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी मेधावी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इसी क्रम में प्रधानाचार्य विपिन शुक्ला ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है इसलिए सभी लोगो को शिक्षा जरूर लेनी चाहिए। गौरतलब है कि स्कूल में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार इशिता पांडेय को दिया गया। इस मौके पर शिक्षक लवलेश यादव, मनोज विश्वकर्मा, सविता शुक्ला, रिशु शर्मा, गौरव पांडेय, विजय जैसल, मोहन मिश्रा, विपुल कुमार, आकाश गुप्ता, कमलेश प्रसाद व शिक्षिकाएं इति सिंह, सविता शुक्ला, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव तथा मीनाक्षी यादव आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# संविधान शिल्पी बाबा साहब आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर विरहा प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न



विरहा कार्यक्रम करती रुचि यादव

**सोरांव।** सोमवार को बाहर सराय गांव में संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर एक भव्य विरहा प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि सोरांव विधायक गीता शास्त्री रही। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता सचिन ने किया। महिला विरहा गायिका रुचि यादव और सूरज यादव के मध्य भव्य विरहा मुकाबला हुआ। संविधान निमार्ता अंबेडकर की जीवन पर प्रकाश डाला। जिसमें आसपास गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य, अशोक यादव, सदाराम यादव (पूर्व प्रधान), संगम लाल मौर्य, शांति प्रकाश पटेल, डॉक्टर रमेश भारतीय, अमीन सभा लाल यादव आदि लोग रहे।

पूज्य बाबू जी की प्रथम पुण्यतिथि
शत् शत् नमन् व आत्मीय श्रंद्धाजलि
14 अप्रैल 2026 वैशाख कृष्ण पक्ष तिथि द्वादशी वार मंगलवार



स्मृतिशेष शिक्षा पुरोधा
डा0 बालकृष्ण पाण्डेय (बी0के0पाण्डेय)
अवतरण- 3 जनवरी 1941/गोलोकवासी 25 अप्रैल 2025
!! जीवन दर्पण !!
सामान्य किसान परिवार मे जन्मे श्रद्धेय बाबू जी ने पूर्वजों के संस्कार व शिक्षा के जरिये एक मानक स्थापित किया। जीवन सफर के लिए उन्होने शिक्षा क्षेत्र को चुना और ज्ञान ज्योति से ना जाने कितने बच्चों का मार्ग प्रशास्त किया। आपके संस्कारज्योति से समाज एवं दोनों भाई देदिप्तमान हैं।
शत् शत् नमन्
!! पुण्यतिथि कार्यक्रम !!
14 अप्रैल 2026, मंगलवार
ब्राह्मण भोजन
आपकी सीख, शिक्षा व संस्कार सदा प्रेरणा देते रहेंगे
!! पुत्रगण !!
अरुण कुमार पाण्डेय, अनुराग कुमार पाण्डेय
तरवाई, मेजा, प्रयागराज

# बाबागंज विधायक ने सैकड़ों जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

## जनसत्ता दल की पहचान बना जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**




**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के मार्गदर्शन में निरंतर जनप्रतिनिधियों का सम्मान करता आ रहा है। दल की यही संस्कृति और कार्यशैली उसे अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देती है। इसी क्रम में सोमवार को बाबागंज ब्लॉक परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के रामपुर संग्रामगढ़ और लालगंज ब्लॉक के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य और अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज रहे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ, मिठाई और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक विनोद सरोज ने कहा कि जनसत्ता दल की स्थापना ही जनसेवा और जनप्रतिनिधियों के सम्मान के उद्देश्य से हुई है। दल समय-समय पर पूरे प्रदेश में ऐसे आयोजन कर जनप्रतिनिधियों का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया और एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के मार्गदर्शन में यह अभियान चल रहा है। इसका एकमात्र उद्देश्य है कि गाँव-गाँव में जनता की सेवा कर रहे जनप्रतिनिधियों को यह अहसास हो कि दल उनके साथ खड़ा है। विनोद सरोज ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का पंचवर्षीय कार्यकाल अब पूर्ण होने को है। इस कार्यकाल में आप सभी ने कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों से लेकर विकास कार्यों तक में जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव में सभी जनप्रतिनिधियों को पुनः विजयी होने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि जनसत्ता दल का हर कार्यकर्ता आपके साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में बाबागंज प्रमुख प्रतिनिधि रामजस सरोज, राजेश पांडेय, प्रधान रज्जन मिश्रा, राजेश त्रिपाठी सोनी, आशीष सिंह, राकेश पटेल, संगम लाल जायसवाल, संतोष पांडेय, बबलू सरोज, अजय तिवारी, प्रमोद पाल, संगीता पाल, दिवाकर शुक्ला, गब्बर सिंह के साथ उमेश यादव, दिलीप यादव, राजू यादव, विनीत पांडेय, रोहित सिंह, पंकज यादव, सूरज मिश्रा, प्रिंस यादव, राहुल सरोज, रवि सरोज सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और समापन जनसत्ता दल जिंदाबाद के नारों के साथ हुआ।

### पट्टी में अंबेडकर जयंती के झंडे उखाड़े, लोगों में आक्रोश

**पट्टी।** कस्बे में अंबेडकर जयंती की तैयारियों के बीच अराजक तत्वों द्वारा लगाए गए झंडों को उखाड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कस्बे के पुरानी पट्टी मोहल्ला निवासी हरिलाल गौतम समेत दर्जनों लोग सोमवार दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वे हर वर्ष की तरह इस बार भी अंबेडकर जयंती मनाने की तैयारी कर रहे थे। इसी क्रम में कस्बे के विभिन्न खंभों पर झंडे लगाए गए थे। आरोप है कि कुछ अराजक तत्वों ने कई झंडों को जमीन पर फेंक दिया, जबकि अन्य झंडों को तोड़कर अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही जयंती की तैयारियों में जुटे लोगों में आक्रोश फैल गया और वे थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग करने लगे।मामले में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। जिन स्थानों से झंडे हटाए गए थे, वहां पुनः झंडे लगवा दिए गए हैं। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिले हिरण की उपचार के दौरान मौत



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के तेलियानी गांव के पास रविवार देर शाम सड़क किनारे एक हिरण संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक टीम और वन विभाग को अवगत कराया गया। देर शाम पहुंची पशु चिकित्सक टीम ने हिरण का प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालत गंभीर होने पर पशु विभाग ने हिरण को वन विभाग के वन दरोगा इंद्रजीत सिंह को सौंप दिया, जिसके बाद वन विभाग की निगरानी में उसका इलाज चलता रहा।बजरंग दल के कार्यकर्ता विकास सिंह के अनुसार, स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि कोई ट्रक चालक हिरण को अपने वाहन में ले जा रहा था, जहां से कूदने के कारण वह घायल हो गया।वन क्षेत्र अधिकारी राजदेव पाल ने बताया कि हिरण गंभीर रूप से घायल था और उपचार के दौरान सोमवार शाम उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा।

### अवैध शराब बरामद, आरोपियों के खिलाफ केस



**प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा औचक छापेमारी में लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर व रामपुर में तीस लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार यादव के साथ निकली टीम ने सोमवार को जगन्नाथपुर व रामपुर में कच्ची शराब के साथ चार सौ कुन्तल लहन को भी बरामद किया। टीम ने बरामद लहन को मौके पर नष्ट कराया। टीम के द्वारा बरामदगी को लेकर आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियो के खिलाफ केस भी दर्ज कराया गया। वहीं आबकारी निरीक्षक अशोक यादव ने इन गांवो मे अवैध शराब के सेवन से दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता भी प्रदान की।

### 17 नई डायल-112 गाड़ियो को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

**प्रतापगढ़।** जनपद की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 17 नवीन डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत राज, डायल-112 प्रभारी दौलत यादव तथा प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नए वाहनों के शामिल होने से ह्यइवेंट रिस्पॉन्सह्न और फुट पेट्रोलिंग की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे आपात स्थितियों में पुलिस की पहुंच और तेज हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पीड़ितों को कम से कम समय में सहायता उपलब्ध कराना है।जानकारी के अनुसार, कुल 17 वाहनों में से 9 वाहन पुराने व कंडम हो चुके वाहनों के स्थान पर दिए गए हैं, जबकि 8 नए वाहन देल्हूपुर, फतनपुर, कोतवाली नगर, लालगंज, कुंडा, जेठवारा, पट्टी और बाघराय थानों को अतिरिक्त रूप से आवंटित किए गए हैं।इन वाहनों के संचालन से आपातकालीन घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई, पुलिस इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ने से अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में एसपी ने पुलिसकर्मियों को जनसेवा के प्रति निष्ठा, संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है और हर परिस्थिति में ह्यफर्स्ट रिस्पॉन्डरह्न की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाना है।

### पुलिस मौजूदगी में छप्पर गिराने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ठनेपुर गोपापुर गांव में एक महिला ने पुलिस की मौजूदगी में उसके छप्पर को गिराए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने उप जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी मनीषा सरोज ने उप जिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 484 नवीन, जो हरिजन आबादी के रूप में सुरक्षित है, उसी भूमि पर उसका पुराना रिहायशी छप्पर बना हुआ था। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 11.30 बजे जब वह अपने पति व ससुर के साथ तहसील आई हुई थी, उसी दौरान बिना किसी राजस्व टीम की मौजूदगी और बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के, पुलिस की मौजूदगी में उसका छप्पर गिरा दिया गया।पीड़िता के अनुसार, इस घटना का वीडियो पड़ोसियों ने बनाकर उसे भेजा है, जिससे मामले की पुष्टि होती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे एसडीएम पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता की हत्या को लेकर उपजा आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** मिर्जापुर जिले में साथी अधिवक्ता की गोली मारकर हुई हत्या से आक्रोशित वकीलों ने सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। मिजार्पुर जिले में अधिवक्ता राजीव सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना को लेकर सुबह वकीलों का तहसील गेट पर भारी जमावडा हुआ। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने बीती ग्यारह अप्रैल को हुई अधिवक्ता की नृशंस हत्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी दिये जाने की मांग के साथ परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा दिये जाने की आवाज उठायी। आमसभा कर वकीलों ने न्यायिक कामकाज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मांग उठाई। सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, राहुल तिवारी, अबरार अहमद, के-के शुक्ला, विपिन शुक्ला, सुमित त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, सूर्यकांत निराला आदि अधिवक्ता रहे।

## शिकायत करने पर युवक को मिली जान से मारने की धमकी

**पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव में मारपीट की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद दबंगों ने दोबारा हमला कर उसे जान से मारने की धमकी दी है। उड़ैयाडीह निवासी युवराज गौतम पुत्र रामसेवक गौतम ने सोमवार को उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए बताया कि घटना बीते 10 अप्रैल की है। आरोप है कि विपक्षी एकजुट होकर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिए। पीड़ित के अनुसार, उसने इस मामले की शिकायत 12 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे दिलीपपुर थाने में की थी। लेकिन शिकायत दर्ज कराने के बाद जब वह घर लौटा, तो विपक्षी फिर एकजुट होकर उसके घर पहुंच गए और लात-घूंसे व डंडों से मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि यदि शिकायत वापस नहीं ली तो उसे जान से मार दिया जाएगा।घटना के बाद से पीड़ित भयभीत है। उसने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

# विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर सीएम पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण तथा गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। क्षेत्र के खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में अतिक्रमण को लेकर दर्ज करायी गयी शिकायत में कहा गया है कि दबंगो द्वारा विद्यालय की खिड़की व दरवाजे के बगल ईट तथा लकड़ी और गोबर का ढेर लगाकर रखा गया है। अवैध कब्जे को लेकर यहां छात्रों को पठन पाठन के साथ खाने पीने में भी असुविधा हो रही है। गांव के फौजी आदित्य सिंह ने अतिक्रमण को लेकर सीएम के पोर्टल समेत अफसरों को शिकायत भेजी है। इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल का कहना है कि प्रधानाध्यापक के माध्यम से एसडीएम को सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। स्कूल की दीवार में सटाकर जानवर के लिए हौद बनाया गया है। बीईओ के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण हटाने के बाबत कडी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** नगर स्थित रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में शासन के निदेर्शानुसार स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूरे नगर में जागरूकता रैली निकाली।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने ह्लआधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगेह्व एवं ह्ल1, 2, 3, 4 साक्षरता की जय-जयकारह्व जैसे प्रेरणादायक नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया और लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशस्त कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल शिक्षा और ज्ञान का मंदिर है, जहां विद्यार्थी न केवल पढ़ाई करते हैं बल्कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों को भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं, इसलिए सभी को मिलकर स्कूल चलो अभियान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए और इसे सफल बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारीगण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रकाश दत्त मिश्र, सतीश पांडे, राजेश दुबे, राकेश मिश्रा, वेद प्रकाश उपाध्याय, एनसीसी अधिकारी सुरेश मिश्र, नीलाभ मिश्र, प्रमोद दुबे, पंकज तिवारी, वरुण पटेल, अवलेश कुमार, प्रफुल्ल रावत, देवी प्रसाद तिवारी, जयप्रकाश मिश्र, सिद्धेश शुक्ल, जगन्नाथ यादव, संजय तिवारी, अरुण तिवारी, हरिश्चंद्र मिश्र, अमित पांडे, शेषमणि पांडे, पीयूष शुक्ला, नागेंद्र सिंह, लालमणि मिश्र, योगेंद्र प्रजापति, उमाकांत तिवारी, विनोद मिश्र, अमित बरनवाल, बलवंत, शिवम धुरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी प्रवक्ता अरुण मिश्रा ने किया।

## घरेलू कलह में अधेड़ ने खाया जहर, हालत गंभीर

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी खुर्द गांव में घरेलू विवाद के चलते एक अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भाटी खुर्द निवासी लल्लन यादव (70) पुत्र रामजस किसी बात को लेकर मानसिक रूप से परेशान थे। इसी बीच उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत खराब होने लगी तो परिजन तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आसपुर देवसरा ले आए।सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि मरीज की स्थिति नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# विकास की सर्वश्रेष्ठता में अवसर की समानता है रामपुरखास की पहचान : मोना

## कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने शैक्षिक समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सोमवार को पिपरी प्रतापपुर चेरगढ़ में आयोजित जनसभा में कहा कि विकास की सर्वश्रेष्ठता में समानता के अधिकार की शक्ति निहित हुआ करती है। उन्होने कहा कि रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में बहुमुखी विकास के साथ हर व्यक्ति को विकास के अवसर की समानता का वातावरण सदैव मजबूत दिखेगा। विधायक मोना ने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के साथ वह मिलकर यहां हाइवे सड़क परियोजना तथा बिजली व सुरक्षा एवं शैक्षिक वातावरण के जरिए क्षेत्र को विकास की चमक से सर्वश्रेष्ठ बनाने का मिशन जारी रखेगी। जनसभा में उन्होने हाल ही में किये गये प्रयास के तहत क्षेत्र मे विभिन्न सड़क परियोजनाओं, नहर के सुदृढ़ीकरण व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक मुश्त धनराशि की शासन से मंजूरी को स्थानीय विकास के लिए बड़ी उपलब्धि कहा। विधायक मोना ने कहा कि विकास के साथ यहां हर व्यक्ति के मान सम्मान की सुरक्षा तथा अवसर व अधिकारों के प्रति समानता सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जनसभा का संयोजन अरविन्द सरोज व नागेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। स्थानीय विकास के लिए विधायक के द्वारा कई योजनाओं की सौगात को लेकर ग्रामीणों ने उनका सम्मान भी किया। इसके पहले विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सराय संग्राम सिंह में पीटीएस कान्वेंट स्कूल में शैक्षिक संगोष्ठी के तहत प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इण्टरमीडिएट के सर्वश्रेष्ठ मेधावियों को कम्प्यूटर सेट भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रबंधक अजीत पटेल व संचालन डॉ0 नन्हेंलाल यादव ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, राकेश चतुवेर्दी, भुवनेश्वर शुक्ल, आशीष उपाध्याय, आचार्य विद्याधर पटेल, त्रिभुवन तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, मुन्ना सिंह, इंद्रजीत सिंह, सहदेव, लालजी पटेल, रूपनाथ पटेल आदि मौजूद रहे।

# बैठक में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार पर बनी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और जरूरतमंद हिंदुओं की सेवा के संकल्प के साथ राधा कृष्ण मानव सेवा संस्थान लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक मुंबई के प्रतिष्ठित व्यवसायी और संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश शुक्ला के कुंडा स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय सनातन धर्म को बढ़ावा देना और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक धर्म और सेवा का संदेश पहुंचाना रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश शुक्ला ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा, प्रचार और जरूरतमंद हिंदुओं की हरसंभव मदद करना है। संगठन स्थापना के दिन से ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, विद्यार्थियों, बीमार व्यक्तियों और आपदा पीड़ितों की निरंतर सहायता करता आ रहा है। नागेश शुक्ला के नेतृत्व में संस्थान ने मुंबई से लेकर कुंडा तक सेवा के कई प्रकल्प चलाए हैं। इनके सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग संगठन से जुड़ रहे हैं। बैठक में सदस्यता अभियान को और तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। तय किया गया कि घर-घर जाकर लोगों को सनातन धर्म के मूल्यों से जोड़ा जाएगा और संगठन की विचारधारा से अवगत कराया जाएगा। जल्द ही ग्राम स्तर पर इकाइयों का गठन कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन में नई जिम्मेदारियां भी तय की गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश शुक्ला ने माधव शुक्ला को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही कुंडा इकाई के मीडिया प्रभारी का दायित्व अमित शुक्ला को दिया गया। दोनों पदाधिकारियों से संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने और सनातन धर्म के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने की अपेक्षा की गई।बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश शुक्ला के नेतृत्व में सनातन धर्म की सेवा का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में धर्म जागरण यात्राएं, धार्मिक आयोजन और सेवा शिविर चलाए जाएंगे। बैठक का समापन राष्ट्र और धर्म की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी गांव में सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी गीता देवी (50 वर्ष) खेत से घर लौट रही थीं। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों को सूचना मिलने पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।सीएचसी में महिला का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।थाना अंतू, फतनपुर और लालगंज की मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए प्राथमिक विद्यालयों, बाजारों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया गया।पुलिस टीमों ने वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस हेल्पलाइन-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवाएं-102/108 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी देते हुए इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र एवं थाने के सीयूजी नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट भी वितरित किए गए। साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों को चेतावनी दी गई।पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। जनपद पुलिस द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# एसडीएम सिराथू ने भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण



कौशांबी। उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने ह्टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत आज ग्राम कोरियो में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में कुल 05 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इनमें गाटा संख्या 551 व 1391, जो कि बंजर खाते की भूमि है, पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। इन शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं। कैम्प में आमजन को भूमि विवाद से बचने एवं कोर्ट से भूमि विवाद निपटाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दिया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## भूमि विवाद की 05 शिकायतों का उप जिलाधिकारी चायल ने ग्राम फकीराबाद में मौके पर किया निस्तारण



कौशांबी। उप जिलाधिकारी,चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम फकीराबाद में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण किया। कैम्प में ग्राम की आराजी संख्या 415 में हुए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया। आराजी संख्या 473 एवं 476, जो चकमार्ग के रूप में खतौनी में दर्ज है, चकमार्ग को चिन्हित कर दिया गया। आराजी संख्या 380 का चिन्हांकन कर दिया गया। आराजी संख्या 469, जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के रूप में दर्ज है, का सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। इन शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## ग्राम कोसम इनाम में भूमि विवाद की शिकायतों का उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने मौके पर किया निस्तारण




कौशांबी एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत ग्राम कोसम इनाम में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया ग्राम कोसम इनाम में आयोजित कैम्प मे आराजी संख्या 1428 सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत थी। अतिक्रमणकर्ता प्रेम मिलन के अस्थाई कब्जे को हटवा दिया गया व स्थाई निर्माण पर धारा 67 की कार्यवाही प्रस्तावित की गई। इसी प्रकार गाटा संख्या 1670 एवं 1073 गोमती देवी और शमशाद अहमद के मध्य भूमिधरी भूमि में विवाद था। शमशाद अहमद द्वारा दस्तावेज दिखाए गए,जिसमें उनके पक्ष में दिनांक 19/03/26 को सिविल कोर्ट से निषेधाज्ञा आदेश पारित है। शिकायत कर्ता इन शिकायतों के निस्तारण से संतुष्ट है।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# भैंस की गाड़ी से वसूली करने वाले डायल 112 के दो सिपाहियों को एसपी ने किया लाइन हाजिर

अखंड भारत संदेश

**पशुपालकों की भैंस और गाय को चोरी कर वाहनों से ले जाने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय**

**कौशाम्बी।** आधी रात को पशुपालकों की भैंस और गाय को चोरी कर वाहनों से ले जाने वाले गिरोह सक्रिय है बीते कुछ महीने के बीच जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से कई दर्जन पशुओं की चोरी गिरोह के सदस्य कर चुके हैं जिनका मुकदमा भी विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने दर्ज किया है लेकिन गिरोह के सरगना और उसके सदस्यों तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच सके हैं जिससे पशुओं की चोरी जिले में नहीं रुक रही है पशुओं के वाहनों से पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली की जाती थी जिस पर दो पुलिसकर्मियों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। भैंस की गाड़ी से वसूली करने के मामले में एसपी ने जांच के बाद वसूली करने वाले डायल 112 के दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी की कार्रवाई से पुलिस विभाग में वसूली में लिप्त पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र का है जहा सयारा ओवर ब्रिज पर भैंस लदे वाहनों से पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली किये जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था,वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये एसपी सत्यनारायण द्वारा सीओ चायल के माध्यम से जांच करायी गयी,जांच में यू0पी0-112 के आरक्षी जयसिंह व चालक आरक्षी सहादत हुसैन की भूमिका प्रथम दृष्टया संदिग्ध पायी गयी । एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाईन हाजिर कर दिया है एवं दोनों के विरुद्ध जांच जारी है।एसपी की कार्रवाई से पुलिस विभाग में वसूली में लिप्त पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा है।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद कौशांबी पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 एवं नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 13.04.2026 को महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा एवं शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।करारी थाना के ग्राम उखैया खास में मिशन शक्ति एंटीरोमियो व साइबर जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। संदीपन घाट थाना के ग्राम कोईलहा के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री जी द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली से प्रसारित ह्यनारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण आमजन के साथ दिखाकर जागरूक किया गया।सराय अकिल थाना के TRS इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज, सराय अकिल में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण दिखाते हुए मिशन शक्ति, महिला अपराध, साइबर सुरक्षा व नए कानूनों की जानकारी दी गई।

# इलाज के दौरान महिला ने तोड़ा दम

अखंड भारत संदेश

**महेवाघाट कौशांबी** महेंवाघाट थाना क्षेत्र के अढ़ौली गांव में 11 अप्रैल की शाम 5:00 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से आयशा बानो उम्र 60 वर्ष पत्नी निजामुद्दीन निवासी अढ़ौली गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया था इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश पुलिस कर रही है लेकिन दो दिन बाद भी दुर्घटना करने वाले वाहन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है जानकारी के मुताबिक महिला आयशा बानो शनिवार को शाम 5 बजे अपने खेत की ओर जा रही थीं, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं थी घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल महिला को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज शुरू किया गया। हालत गंभीर होने के चलते सोमवार दोपहर उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी से एक हफ्ते पहले बालिका की संदिग्ध दशा मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**बालिका शादी का कर रही थी विरोध**

**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं,जब शादी से ठीक एक हफ्ते पहले ही बालिका की संदिग्ध हालात में मौत हो गई बालिका की मौत से दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई। बालिका शादी करने से इनकार कर रही थी लेकिन परिवार के लोग उसकी शादी करवाने के लिए व्याकुल थे। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रामाधीन का पूरा में वार्ड नंबर 1 की निवासी शिवानी उम्र 19 वर्ष ने किसी कारणवश जहरीला पदार्थ खा लिया,जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई।परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया,वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जा रहा है कि बालिका की शादी आगामी 21 अप्रैल को तय थी और महोबा से बारात आनी थी। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना से घर की खुशियां मातम में बदल गईं।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रसव पीड़िता से होती है वसूली, वीडियो बनाना फोटो खींचना मना है!

अखंड भारत संदेश

**बीते कई वर्षों से खुलेआम वसूली का यह खेल संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेरोकटोक चल रहा है**

**प्रसव के बाद बख्शीश के नाम पर 3000 से 5000 तक खुलेआम डॉक्टर और नर्स द्वारा वसूली की जा रही है**

**कौशांबी** संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं के परिजनों से महिला चिकित्सक और नर्स द्वारा खुलेआम वसूली हो रही है जिस प्रसव पीड़िता के परिजनों से धन वसूली नहीं हो पाती है।

उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में प्रसव न कराने की सलाह देकर उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में भेजने की सलाह डॉक्टर और नर्स द्वारा दे दी जाती है सरकारी अस्पताल से वेतन लेने वाले डॉक्टर और नर्स सरकारी अस्पताल की व्यवस्था चौपट बताकर मरीजों को निजी अस्पताल में पहुंचने के लिए मजबूर कर देते हैं और जिन महिलाओं से धन की वसूली मिल जाती है उनका संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में इन्हीं डॉक्टर और नर्स द्वारा प्रसव कराया जाता है प्रसव के बाद बख्शीश के नाम पर 3000 से 5000 तक खुलेआम डॉक्टर और नर्स द्वारा वसूली की जा रही है बीते कई वर्षों से खुलेआम वसूली का यह खेल संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेरोकटोक चल रहा है अंधेरगदी की हद तो तब हो गई जब वसूली करने का सबूत एकत्रित करने के लिए फोटो और वीडियो बनाने पर भी संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदारों ने रोक लगा दी है।

कंप्यूटर से पंपलेट टाइप करके प्रसव कक्ष के बाहर गैलरी में चिपकाए गए है की वीडियो बनाना और फोटो खींचना मना है संयुक्त जिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान होने वाली इस वसूली पर कैसे रोक लगेगी और प्रसव पीड़ित महिलाओं को वसूली से कब निजात मिलेगी संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पर यह बड़ा सवाल खड़ा है।

## चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा 04 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस ने अपील संख्या 698/ 1987 धारा 307/ 34/ 323 भादवि जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त वाले पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम हिनौता थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0न0 780/ 15 धारा 498अ/ 323/ 506 भादवि थाना मंझनपुर से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शमशाद खान पुत्र स्व0 शब्बीर खान निवासी समदा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

# एमआरएफ टायर की एजेंसी दिलाने के नाम पर व्यापारी से 6.44 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

**साइबर थाना पुलिस जांच में जुटी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** एमआरएफ कंपनी के टायर की एजेंसी दिलाने के नाम पर शातिर ठग ने व्यापारी से 6.44 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली।आनलाइन रुपए ट्रांसफर करने के बाद जब पीड़ित का फोन शातिरों ने उठाना बंद कर दिया तो पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना और साइबर थाना से की,पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी हुई है।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह पश्चिम शरीरा में एमआरएफ टायर का शोरूम खोलना चाहते थे। उन्होंने एमआरएफ टायर को ईमेल किया,जिसके जवाब में एक शातिर ने खुद को एमआरएफ मैनेजर कृष्णा शुक्ला बताया। उस व्यक्ति ने राघवेंद्र से बातचीत शुरू की और एक बैंक खाता नंबर दिया।राघवेंद्र ने धीरे-धीरे करके उस खाते में कुल 6 लाख 44 हजार 500 रुपये जमा कर दिए। पैसे जमा करने के बाद आरोपी का मोबाइल नंबर बंद हो गया। बैंक जाकर जानकारी लेने पर राघवेंद्र को पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है।पीड़ित ने मंझनपुर साइबर थाना पुलिस को लिखित शिकायत की। शिकायत में लवकुश कुमार एमआरएफ मैनेजर कॉर्पोरेट चेन्नई और एक मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है। साइबर थाना पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है और ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की तलाश में जुट गई है।

# दिया कछार छेकवा यमुना घाट पर रातभर चलता है अवैध बालू का कारोबार

**खनन माफियाओं का राज या अफसरों की शह पर होता है खनन**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली पुलिस चौकी अंतर्गत छेकवा यमुना घाट पर अवैध बालू खनन का धंधा खुलेआम और बेखौफ तरीके से जारी है। हालात यह हैं कि बिना पट्टे के चल रहे इस अवैध कारोबार ने प्रशासनिक सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बीते पखवाड़े से हर रात लगभग दस बजे से भोर चार बजे तक संगठित तरीके से यमुना नदी की छाती चीरकर बालू का खनन किया जा रहा है। करीब दस ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर यमुना किनारे से बालू निकाली जाती है और उसे घाट से ऊपर शमशान घाट व पानी टंकी के पास डंप कर दिया जाता है।सुबह होते ही यही बालू ट्रैक्टरों के जरिए क्षेत्र में ऊंचे दामों पर बेची जाती है।इस पूरे खेल में सबसे बड़ा सवाल खनन विभाग की भूमिका को लेकर उठ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन विभाग की लापरवाही ही नहीं, बल्कि कथित मिलीभगत के चलते यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है।बार-बार शिकायतों के बावजूद मौके पर प्रभावी कार्रवाई न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल खड़ा करता है। वहीं स्थानीय पुलिस और पुलिस चौकी स्तर पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की जानकारी में यह सब होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।अवैध खनन के चलते न केवल सरकार को प्रतिदिन हजारों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है,बल्कि गांव की सड़कों की हालत भी बदतर होती जा रही है। ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से कच्चे-पक्के रास्ते टूट रहे हैं,जबकि धूल और शोर से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। यमुना नदी के किनारों पर तेजी से कटान बढ़ने की आशंका है,जिससे भविष्य में बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन और खनन विभाग को सूचना दी गई,लेकिन हर बार केवल औपचारिकता निभाई गई। न तो अवैध खनन रुका और न ही किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई हुई। खनन निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह द्वारा जांच कर कार्रवाई का आश्वासन भी अब महज बयानबाजी तक सीमित नजर आ रहा है,क्योंकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं।सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर किसके संरक्षण में यमुना घाट पर यह अवैध खनन रात-दर-रात जारी है? और कब तक जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे रहेंगे?

# पुष्टाहार योजना के समान के लिए तरस रही है गर्भवती और धात्री महिलाएं

अखंड भारत संदेश

**सुपरवाइजर के जरिए 25000 की वसूली करने वाले सीडीपीओ कैसे करेंगे आंगनबाड़ी की योजनाओं में सुधार**

**कौशांबी।** आंगनबाड़ी केदो के जरिए गर्भवती महिलाएं धात्री महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चों को सेहत मंद बनाने के लिए सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केदो के जरिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में सरकार करोड़ों रुपए का बजट खर्च कर रही लेकिन विभाग के बेईमान अफसर के चलते योजनाओं का लाभ धात्री महिलाएं गर्भवती महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है आंगनबाड़ी केदो के जरिए संचालित योजनाओं पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा डाका डाला जा रहा है जिसमें सुपरवाइजर से लेकर सीडीपीओ तक हिस्सेदारी वसूलते हैं विभागीय अफसर के भ्रष्टाचार के चलते आंगनबाड़ी की पूरी योजनाए चौपट हो चुकी है हकीकत जानने के लिए जब मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र बैशकांटी का निरीक्षण किया गया तो मालूम चला कि यहां गर्भवती और धात्री महिलाओं को बीते 4 महीने से केंद्र के जरिए मिलने वाले 1 किलो दाल 1 किलो दलिया और आधा किलो रिफाइंड तेल नहीं दिया गया है तमाम महिलाओं ने इस बात की शिकायत की है लेकिन सुपरवाइजर और सीडीपीओ को चौपट योजना को सुधारने की फुर्सत नहीं है इन्हें तो अपना हिस्सा मिल रहा है जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ मिले या ना मिले इन अफसरों को कोई मतलब नहीं रह जाता है सीडीपीओ स्वीकार करते है कि आंगनवाड़ी बदतमीज़ हैं उनका कहना है कि योजना सुधार करना कठिन काम है बदतमीज आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निलंबित कर उन पर कार्यवाही करने के लिए सीडीपीओ तैयार नहीं है जिससे उनकी संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है तमाम महिलाओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीते कई कई महीनो से उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला है और जब शिकायत की जाती है तो धमकी मिलती है कि एक आंगनवाड़ी का पति एक विद्यालय का अध्यापक है और वह आंगनवाड़ी योजना का सामान देने के बजाय धात्री और गर्भवती को धमकी देती है बताया जाता है अफसर के सहयोग से योजनाएं चौपट हो चुकी है सूत्रों के माने तो सुपरवाइजर आंगनवाड़ी केदो से धन वसूली करते हैं और सुपरवाइजर की वसूली में 25000 महीने की वसूली सीडीपीओ तक पहुंच रही है योजना में सुधार करने के बजाय अपने हिस्से की रकम वसूली में अधिक दिलचस्पी दिखाई जाती है आंगनबाड़ी केदो की चौपट योजना पर शासन प्रशासन ने जांच कराई तो आंगनबाड़ी की चौपट योजना की बड़ी कलई खुलेगी और करोड़ों के घोटाले का पर्दाफाश होगा।

## न्यूज झरोखा

### राजू सक्सेना का हाल जानने पहुंचे डॉक्टर मयंक केसरवानी सहित तमाम लोग



**भरवारी कौशांबी** भरवारी कस्बे के मेहता रोड शिशु मंदिर कॉलोनी निवासी राजू सक्सेना पत्रकार का प्रयागराज में ऑपरेशन होने के बाद वह अपने आवास भरवारी पहुंच गए हैं जहां लगातार कई दिनों से उनके आवास पर राजू सक्सेना के स्वास्थ्य का हाल-चाल लेने उनके शुभचिंतकों की भीड़ लग रही है सोमवार को फिर राजू सक्सेना पत्रकार के आवास पर उनका हाल-चाल जानने बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया एवं देहली से आए एमबीबीएस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक केसरवानी तथा उनकी टीम डॉ सुशील कुमार प्रबंधक अर्चित केशरवानी जगदीश शिवहरे राज बहादुर चौधरी लल्लू पाल आदि लोग पहुंचे हैं और राजू सक्सेना का हाल-चाल जाना है और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी हैं बता दें कि राजू सक्सेना बीते कई दिनों से शारीरिक स्वास्थ्य से परेशान चल रहे थे जिस पर इलाहाबाद के अनुभवी डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया है

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश




**कौशांबी** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 13.04.2026 को आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

### कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान नेता थी मोहसिना किदवई : गौरव पाण्डेय



**कौशांबी** पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधनोपरांत नगर पंचायत चरवा में एक शोक सभा का आयोजन सोमवार को किया इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर एवं उनकी छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि मोहसिना किदवई पाटी के प्रति सदैव समर्पित और निष्ठावान रहीं उन्होंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार सँभाला। सच्चे भाव से लोगों की सेवा की उनकी मृत्यु से हम सभी दुखी हैं इस शोक सभा के माध्यम से हम सभी ने उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया इस कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,आलोक त्रिपाठी,अनिल सेन,सिकंदर सिंह,शुभेंद्र यादव छोटू,नेवादा ब्लॉक अध्यक्ष रावेन्द्र यादव,रमेश यादव प्रदीप गौतम,मंडल अध्यक्ष राकेश पाल,बड़का रैदास,मंजीत कुशवाहा,राहुल यादव,रामनाथ सरोज,समर सरोज,विकास पासी,जीतू मिश्रा,गोलू जायसवाल सहित दजर्नों कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### अहिरारा में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सिराथू तहसील के ग्राम अहिरारा स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर के पास रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समर्थ किसान पाटी के नेता व जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी और प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य राम सियासन शास्त्री ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के बीच पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि खासकर गमी के मौसम में उसकी नियमित देखभाल सिंचाई और सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, तभी पौधे विकसित होकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकते हैं।ज्योतिषाचार्य राम सियासन शास्त्री ने पौधरोपण के आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मंदिर परिसर में लगाए गए वृक्ष श्रद्धालुओं को शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ-साथ गमी में छाया भी देंगे और परिसर की सुंदरता को बढ़ाएंगे।कार्यक्रम के दौरान श्याम लाल सोनकर, राजेश यादव, पवन कुमार, दुर्गेश पटेल, बसंत सरोज सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

### बच्चे से कुकर्म करने वाले बाल अपचारी को चरवा पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा में लिया

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र में 13 मार्च को बाल अपचारी द्वारा 04 वषीय बच्चे को बहला फुसला कर अपने साथ सरसों के खेत में ले गया तथा उसके साथ कुकर्म किया है चरवा थाना में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 13.04.2026 को थाना चरवा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को मूरतगंज रोड के पास से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात बाल अपचारी को न्यायालय किशोर न्याय भेजा गया

### मंझनपुर पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 725/2013 धारा 354 भादवि थाना मंझनपुर से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मोतीलाल पुत्र स्व0 रत्तू पासी निवासी ओसा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### वारण्टी अभियुक्त को पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने मु0सं0 594/17 धारा 147/323/504/506/325 भादवि थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बाल सिंह पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम लकौड़ा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

## सम्पादकीय

### क्यों सूख रही हैं नदियां

**नर्मदा** उसकी कई सहायक नदियों के सूखने के कारण वह बहुत कमजोर हो गई है। लेकिन हम इस सबसे नहीं चेत रहे हैं और पानी का बेहिसाब इस्तेमाल से पानी के स्त्रोतों को ही खत्म कर रहे हैं, जो शायद फिर पुनर्जीवित न हो सकें। अगर हमें बड़ी नदियों को बचाना है तो छोटी नदियों पर ध्यान देना होगा। छोटी नदियों का संरक्षण जरूरी है। अगर हम इन पर छोटे-छोटे स्टापडेम बनाकर जल संग्रह करें तो नदियां भी बचेंगी और खेती में भी सुधार संभव है।

गर्मी शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। भोजन, पानी और हवा हमारी बुनियादी जरूरतें हैं। इनके बिना जीवन असंभव है। पानी के मामले में हमारी स्थिति बहुत ही अच्छी थी। हमारे अपने जीवन में ही कुएं, तालाब, बावड़ी और नदियां थीं, जो सैकड़ों सालों से सदानीरा थीं। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि सब के सब सूखते चले रहे हैं। आज इसी मुद्दे पर बात करना चाहूंगा, जिससे पानी जैसे जरूरी संसाधन के बारे में समझें और इसे बचाने के लिए काम करें।

आमतौर जब कभी नदियों पर बात होती है तो ज्यादातर वह बड़ी नदियों पर केंद्रित होती है। लेकिन इन सदानीरा नदियों का पेट भरने वाली छोटी नदियों पर हमारा ध्यान नहीं जाता, जो आज अभूतपूर्व संकट से गुजर रही हैं। अगर हम नजर डालें तो पाएंगे कि कई छोटी-बड़ी नदियां या तो सूख चुकी हैं या फिर बरसाती नाले बनकर रह गई हैं। गांव-समाज के बीच से तालाब, कुएं और बावड़ी जैसे परंपरागत पानी के स्त्रोत तो पहले से ही खत्म हो गए हैं। अब इन छोटी नदियों पर आए संकट से बड़ी नदियां तो प्रभावित हो ही रही हैं। जनजीवन के साथ पशु, पक्षी और वन्य- जीवों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

देश-दुनिया में नदियों के किनारे ही सभ्यताएं पल्लवित-पुष्पित हुई है। जहां जल है, वहां जीवन है। लेकिन आज नदियां धीरे-धीरे दम तोड़ रही हैं। नदियों का प्रवाह अवरूद्ध हो रहा है। वर्षों पुरानी नदी संस्कृति खत्म रही है। उनमें पानी नहीं हैं,पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखने वाली रेत नहीं है। मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल की बारहमासी सदानीरा नदियां या तो सूख गई है या बारिश में ही उनकी जलधारा प्रवाहित होती हैं, फिर टूट जाती है। उनके किनारे लगे हरे-भरे पेड़ और उन पर रहने वाले पक्षी भी अब नजर नहीं आते। यानी पानी बिना सब सून।

मध्यप्रदेश में सतपुड़ा पहाड़ और जंगल कई छोटे-बड़े नदी-नालों का उद्गम स्थल है। पहाड़ और जंगलों में पेड़ पानी को जड़ों में संचित कर-के रखते हैं और धीरे-धीरे वह पानी रिसकर नदियों में जलधाराओं के रूप में प्रवाहित होता है। जंगल कम हो रहे हैं। कुछ वर्षों से बारिश कम हो रही है या बार-बार सूखा पड़ रहा है।

सतपुड़ा की दुधी, मछवासा, आंजन, ओल, पलकमती और कोरनी जैसी नदियां धीरे-धीरे दम तोड़ रही हैं। देनवा में अभी पानी नजर आता है लेकिन उसमें भी साल दर साल पानी कम होता जा रहा है। तवा और देनवा में भी पानी कम है। अमरकंटक से निकलकर इस इलाके से गुजरने वाली सबसे बड़ी नर्मदा भी इसी इलाके से गुजरती है। इनमें से ज्यादातर नदियां नर्मदा में मिलती हैं। इनके सूखने से नर्मदा भी प्रभावित हो रही है। अगर हम मध्यप्रदेश के पूर्वी छोर पर नर्मदापुरम और नरसिंहपुर जिले विभक्त करने वाली दुधी नदी की बात करें, तो नदियों के संकट को समझा जा सकता है।

# डिजिटल जनगणना 2027 : भारत की प्रशासनिक क्षमता का नया अध्याय

—अरुण कुमार

**इस** जनगणना के सामाजिक प्रभावों के साथ इसके राजनीतिक परिणाम भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसके बाद परिसीमन के तहत जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं पुनर्निर्धारित होंगी, और दक्षिण भारत के राज्यों को आशंका है कि इससे उत्तर भारत को अत्यधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सकता है। संसद में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान भी इसी प्रक्रिया के उपरांत लागू होगा।

भारत में पांच वर्षों के विलंब के बाद आरम्भ हुई जनगणना 2027 न केवल आकार में विश्व की सबसे बड़ी है, बल्कि तकनीकी ढांचे और सामाजिक-राजनीतिक प्रभावों के कारण भी अभूतपूर्व है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार जाति आधारित गणना को सम्मिलित किया जाना, डिजिटल माध्यमों का व्यापक उपयोग, स्वयं गणना का विकल्प, परिसीमन व आरक्षण जैसी नीतिगत प्रक्रियाओं पर इसके दूरगामी प्रभाव—ये सभी तत्व इस जनगणना को अत्यंत महत्वपूर्ण बनाते हैं। केंद्र सरकार ने जनगणना 2027 के लिए रुपए 11,718.24 करोड़ स्वीकृत किए हैं, जिनमें गणनाकर्मियों के मानदेय, प्रशिक्षण, आईटी अवसंरचना और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। जनगणना 2027 का आयोजन 01.01.2026 की स्थिति के अनुसार देश के 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों, 7,092 उप-जिलों, 5,128 सांविधिक नगरों (शहरी एवं प्रशासनिक ढांचा युक्त), 4,580 जनगणना नगरों (स्थानीय प्रशासनिक इकाई विहीन) तथा लगभग 6,39,902 ग्रामों में किया जाएगा।

भारत में आधुनिक जनगणना 1881 में पहली बार पूरे देश में समन्वित रूप से संपन्न हुई। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित की गई। अब, 2027 की जनगणना स्वतंत्र भारत की आठवीं और कुल सोलहवीं जनगणना है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें लगभग 30 लाख गणनाकर्मी स्मार्टफोन आधारित मोबाइल ऐप से सीधे डेटा अपलोड करेंगे। यह ऐप हिन्दी-अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है और बिना इंटरनेट के भी दूरदराज क्षेत्रों में कार्य करता है। यद्यपि गणनाकर्मी पूर्ववत घर-घर जाकर विवरण संकलित करेंगे, इस बार उत्तरदाताओं को स्व-गणना का विकल्प भी दिया गया है। नागरिक ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्ब्ठ्ठ पोर्टल पर लॉगिन कर स्थान चिन्हित, गृह विवरण भरने और सूचना प्रेषित करने पर एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी प्राप्त करेंगे, जिसे गणनाकार को देने पर अभिलेख में सम्मिलित कर लिया जाएगा। यह सुविधा समय बचाते हुए नागरिकों को अपनी सुविधा अनुसार जानकारी भरने का अवसर देती है।

डिजिटल जनगणना भारत की प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता को नई दिशा देने वाला कदम है, जो पारदर्शी, त्वरित और नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था के भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। हालांकि डिजिटल जनगणना की सफलता डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करने के साथ-साथ गणनाकर्मियों के प्रशिक्षण, डिजिटल दक्षता और जमीनी स्तर की व्यावहारिक चुनौतियों के प्रभावी समाधान पर भी निर्भर करेगी।

जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी—पहले चरण में गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच राज्यों की सुविधा के अनुसार 30 दिनों की अवधि में की जायेगी। इस चरण में भवन की पहचान, निर्माण सामग्री, स्वामित्व, निवासियों की संख्या, जल-स्वच्छता-विद्युत-ईंधन की उपलब्धता,



घरेलू परिसंपत्तियों तथा परिवार प्रमुख, लिंग और दांपत्य स्थिति जैसे जनसांख्यिकीय विवरणों सहित कुल 33 प्रश्न सम्मिलित होंगे, जिनमें सहजीवन को भी स्थिर संबंध मानकर विवाहित की श्रेणी में रखा जाएगा।

फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से आयु, शिक्षा, व्यवसाय, प्रवासन, प्रजनन, धर्म, भाषा, सामाजिक आर्थिक स्थिति, तथा सांस्कृतिक विशेषताओं जैसे व्यक्ति-स्तरीय विवरण संकलित किए जाएंगे।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मकान सूचीकरण जनगणना 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित की जाएगी, जबकि स्व-गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक रहेगी।

1931 के बाद पहली बार द्वितीय चरण में जाति आधारित गणना की जाएगी, जो इस जनगणना का सबसे चर्चित और विवादास्पद पहलू है, विशेषकर क्योंकि भाजपा प्रारंभ में इसके विरोध में थी। 1951 में 'सामाजिक विभाजन' की आशंका के कारण इसे बंद कर दिया गया था और तब से केवल अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित सीमित जानकारी ही एकत्र होती रही। किंतु वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों ने इस प्रश्न को पुनः केंद्र में ला दिया है; विस्तृत जाति आंकड़ों के अभाव में नीति निर्माण 'अंधेरे में तीर चलानेइ जैसा हो गया है, जिससे न संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित हो पा रहा है और न ही वंचित समुदायों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो रही है। दूसरी ओर, विरोधियों का तर्क है कि जाति गणना से जातीय पहचानें कठोर होंगी, सामाजिक विभाजन गहरे होंगे और जाति को एक स्थायी सरकारी मान्यता मिल जाएगी। यह बहस केवल शैक्षणिक नहीं है; इसका सीधा प्रभाव आरक्षण नीति, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और अन्य पिछड़ा वर्ग उपवर्गीकरण जैसे मुद्दों पर पड़ेगा।

इस जनगणना के सामाजिक प्रभावों के साथ इसके राजनीतिक परिणाम भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसके बाद परिसीमन के तहत जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं पुनर्निर्धारित होंगी, और दक्षिण भारत के राज्यों को आशंका है कि इससे उत्तर भारत को अत्यधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सकता है। संसद में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान भी इसी प्रक्रिया के उपरांत लागू होगा।

इसी संदर्भ में नागरिकता से जुड़े प्रश्न भी उभरते हैं। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के पूरे देश में लागू होने की घोषणा तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम के कारण यह आशंका है कि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग नागरिकता निर्धारण में किया जा सकता है। यह पहली बार होगा जब जनगणना का प्रत्यक्ष संबंध नागरिकता से स्थापित हो सकता है, जिससे कुछ समुदायों में गंभीर चिंता उत्पन्न हुई है। सत्तारूढ़ दक्षिणपंथी सरकार पर यह आरोप लगते रहें हैं कि वह मुस्लिम समुदाय के प्रति वैमनस्य को बढ़ावा दे रही है। पिछले वर्ष अनेक अवैध प्रवासियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर भेजा गया। कुछ मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों ने आरोप लगाया कि रोहिंग्या शरणार्थियों को अंडमान सागर के निकट छोड़ दिया गया, जिससे भारत की प्रवासन नीतियों और नागरिकता बहसों में चिंताएं तीव्र हुईं। इसके अलावा, कई भाजपा नेता मात्र 14 प्रतिशत आबादी वाले मुसलमानों को देश के लिए खतरा बताकर यह मिथक फैलाते रहे हैं कि वे शीघ्र ही हिंदू जनसंख्या को पीछे छोड़ देंगे, जिससे भेदभाव और सामाजिक असुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। कोविड-19 के कारण 2021 की जनगणना स्थगित होने से डेटा तंत्र में गंभीर रिक्तताएं उत्पन्न हुईं, क्योंकि अधिकांश सर्वेक्षण जनगणना को ही अपने सैम्पलिंग फ्रेम के रूप में उपयोग करते हैं; इसके पुराने होने से उनकी प्रतिनिधिकता प्रभावित होती है और नीति निर्माण में त्रुटियां बढ़ती हैं।

# न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं

ज. अनिल कुमार शुक्ला


**भारत** के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण

सर्वप्रथम मैं ख्याति प्राप्त कवि एवं चिंतक डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की पंक्तियों से अपनी बात प्रारंभ करना चाहूंगा—

क्या हार में क्या जीत में,
किंचित नहीं भयभीत मैं,
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी
सही वह भी सही,
वरदान मांगूंगा नहीं।

विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. )अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके न्यायपालिका में उपयोग से संबंधित है, जो जितना आधुनिक है उतना ही महत्वपूर्ण भी है। इसलिए इसके मूल स्वरूप को संक्षेप में समझना आवश्यक है, ताकि आगे हम न्यायपालिका में इसके प्रयोग को बेहतर ढंग से समझ सकें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. )का विकास अनेक वैज्ञानिकों के योगदान से हुआ। समय के साथ यह तकनीक मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के रूप में विकसित होकर ऐसी स्थिति में पहुंच गई है,जहां यह डाटा, एल्गोरिदम और कंप्यूटिंग शक्ति के आधार पर स्वयं सीखकर निर्णय लेने में सक्षम हो गई है। सरल शब्दों में कहें तो ए.आई. मनुष्य के व्यवहार को समझकर कार्य करने वाली एक बुद्धिमान प्रणाली है, जो जटिल समस्याओं का समाधान तेजी और




सटीकता के साथ कर सकती है।

<>आज चिकित्सा के क्षेत्र में इसके माध्यम से रोगों की पहचान अधिक सटीक हो रही है और भविष्य में संभावित बीमारियों का अनुमान भी लगाया जा रहा है, वहीं मौसम विज्ञान में यह पूवार्नुमान देने में सक्षम है कि कब और कितनी वर्षा होगी, जिससे किसान अपनी फसलों की योजना पहले से बना लेते हैं और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्य अधिक प्रभावी हो गए हैं। इसी प्रकार कंप्यूटर विजन और रोबोटिक्स के माध्यम से उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ी है और एक जैसे कार्य कम समय में अधिक दक्षता से संपन्न हो रहे हैं, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी ए.आई. ने जानकारी को त्वरित और संक्षिप्त रूप में उपलब्ध कराकर कार्यों को सरल बना दिया है। वित्तीय क्षेत्र में यह धोखाधड़ी की पहचान करने और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने में सहायक है, वहीं अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा क्षेत्र में भी इसकी भूमिका निरंतर बढ़ रही है, जिससे स्पष्ट है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हो रहा है, और इसी व्यापक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अब यह आवश्यक हो जाता है कि हम न्यायपालिका जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इसके संभावित उपयोग पर विचार करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी सेल्फ लर्निंग क्षमता है, किंतु इसके लिए सही और प्रमाणिक डाटा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि त्रुटिपूर्ण डाटा से प्राप्त परिणाम भी गलत हो सकते हैं। इसके साथ ही इसके उपयोग से समय की बचत और कार्यों में सटीकता तो आती है, परंतु डाटा की गोपनीयता, रोजगार पर प्रभाव और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। जैसे फर्जी प्रोफाइल बनाना, छवि का दुरुपयोग करना या भ्रामक जानकारी फैलाना। इसके अतिरिक्त यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि ए.आई.के माध्यम से किसी व्यक्ति के बारे में आपत्तिजनक सामग्री प्रस्तुत होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह भविष्य का एक गंभीर विधिक प्रश्न है। इसलिए यह आवश्यक है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूरी सावधानी और नैतिकता के साथ किया जाए, क्योंकि यह मानव जीवन को सरल बनाने का एक प्रभावी साधन तो है, किंतु मानव की भावनाओं और नैतिक मूल्यों का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकता।

इन्हीं आधारों को ध्यान में रखते हुए हम न्यायपालिका में इसके उपयोग की संभावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। सर्वप्रथम कानूनी शोध के क्षेत्र में यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जहां न्यायाधीश, अधिवक्ता और शोधार्थी इसके माध्यम से त्वरित रूप से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर रहे हैं। पहले जहां किसी केस में लॉ (कानून )को खोजने के लिए अनेक पुस्तकों का अध्ययन करना पड़ता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वह कार्य तुरंत संभव हो गया है। इसके अतिरिक्त केस मैनेजमेंट और न्यायालयीन प्रक्रिया के प्रबंधन में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। न्यायालयों में अनुवाद और लिप्यांतरण के कार्य में भी ए.आई.सहायक बन रहा है। उच्चतम न्यायालय में इस प्रकार के प्रयोग प्रारंभ हो चुके हैं, जहां विभिन्न भाषाओं में दिए गए निर्णयों और दस्तावेजों का त्वरित अनुवाद संभव हो रहा है, जिससे कार्य की दक्षता बढ़ती है, सटीकता में सुधार होता है और त्रुटियों की पहचान करना भी सरल हो जाता है। साथ ही मैनुअल कार्य में कमी आने से समय और खर्च दोनों की बचत होती है। किन्तु इसके साथ यह संभावना भी बनी रहती है कि यदि डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसके आधार पर अनुचित परिणाम सामने आ सकते हैं।

# केरल- एलडीएफ और यूडीएफ के घोषणापत्र

– पी. श्रीकुमारन

**जहां** एलडीएफ का घोषणापत्र अपने वादों को पूरा करने पर जोर देता है, वहीं यूडीएफ का प्रयास वोट हासिल करने की एक छिपी हुई कोशिश लगती है। दूसरे शब्दों में कहें तो, एलडीएफ सिर्फ वही वादे करता है जिन्हें वह पूरा कर सकता है। पिनाराई-1 और पिनाराई-2, दोनों सरकारों का रिकॉर्ड इस बात को बिना किसी शक के साबित करता है।

केरल के लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के घोषणापत्रों का अध्ययन करना काफी दिलचस्प है। दोनों के बीच का अंतर इतना साफ है कि इसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। जहां एलडीएफ का घोषणापत्र अपने वादों को पूरा करने पर जोर देता है, वहीं यूडीएफ का प्रयास वोट हासिल करने की एक छिपी हुई कोशिश लगती है। दूसरे शब्दों में कहें तो, एलडीएफ सिर्फ वही वादे करता है जिन्हें वह पूरा कर सकता है। पिनाराई-1 और पिनाराई-2, दोनों सरकारों का रिकॉर्ड इस बात को बिना किसी शक के साबित करता है। उदाहरण के लिए, पिनाराई-1 सरकार का रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है, जिसने अपने 98 प्रतिशत वादों को पूरा किया। पिनाराई-2 सरकार के घोषणापत्र




को लागू करने का रिकॉर्ड भी उतना ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री पिनाराइ विजयन द्वारा जारी एलडीएफ के घोषणापत्र में एक 60-सूत्री कार्यक्रम की रूपरेखा दी गई है, जिसमें 'नवा केरल' बनाने के लिए 950 प्रस्ताव शामिल हैं। यह फ्रंट चल रहे विकास कार्यों को जारी रखने के लिए लोगों का जनादेश मांग रहा है। एलडीएफ घोषणापत्र की मुख्य बातें ये हैः घोर गरीबी को खत्म करने का वादा, केरल को 'बेघर-मुक्त राज्य' बनाने के लिए 'लाइफ मिशन 2.0इ की शुरूआत, कल्याणकारी पेंशन को 2000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये करना, पांच सालों में राज्य को एक 'ज्ञान-आधारित समाज' में बदलना, कैंपस प्लेसमेंट के जरिए शिक्षित युवाओं के लिए पक्की नौकरी के अवसर, कौशल विकास के लिए 'बैक टू कैंपस' योजना, और उद्यमियों के लिए ब्याज-मुक्त ऋण। लगभग पांच लाख अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की जाएगी और उन्हें गरीबी से बाहर निकाला जाएगा। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत रोजगार का वादा और 20 लाख गृहिणियों के लिए नौकरी की गारंटी शामिल है।

शिक्षा के क्षेत्र में, जिसने पिछले 10 सालों में जबरदस्त प्रगति की है, घोषणापत्र में उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों तक पहुंचाने, सार्वजनिक शिक्षा में सीखने की कमियों को दूर करने और तकनीकी शिक्षा की पहलों का विस्तार करने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एक 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज योजना' लागू करने और इलाज के असीमित लाभ प्रदान करने का वादा किया गया है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा

**सुलतानपुर। भारतीय** जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जनपद में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 14 विभिन्न कार्यक्रम



आयोजित किए जाएंगे। इनमें नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, महिला बाइक रैली, नारी शक्ति मार्च, विजय दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनजागरूकता अभियान प्रमुख हैं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया।जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया 12 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अभियान के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की संगठनात्मक बैठक हुई आयोजित, सुमन सिंह को मिली मंडल अध्यक्ष की कमान

**सुल्तानपुर-उत्तर** प्रदेश राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, सुल्तानपुर के नेतृत्व में तहसील परिसर में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण सभा का आयोजन किया गया,जिसमें जनपद भर से आई आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। सभा के दौरान सर्वसम्मति से सुमन सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस घोषणा के साथ ही पूरे परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल छा गया। उपस्थित कार्यकत्रियों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में पुष्पा सिंह, हीरावती,दया सिंह, सुधा सिंह,पुष्पा मौर्या, गायत्री देवी,आशा सिंह,कृष्ण कुमारी गुप्ता,बिंदु देवी,बबीता सिंह,संजू,मिथिलेश गुप्ता,तारा सिंह,माया सिंह,मनीषा सिंह, सुनीता सिंह,पूनम सिंह तथा केशपुत्री सिंह (जिलाध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में सम्मानित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। सभा के दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकत्रियों के अधिकारों की सुरक्षा एवं भविष्य की रणनीतियों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं द्वारा गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया गया।

## अखिलेश यादव का डिप्टी सीएम पर तंज

**सुल्तानपुर- समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज सुल्तानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला।अखिलेश यादव ने कहा, "हमारे मुख्यमंत्री जी बहुत ही घबराए हुए हैं।" उन्होंने एक डिप्टी सीएम के इंटरव्यू का जिक्र करते हुए तंज कसा, "अभी मैं एक डिप्टी सीएम साहब का इंटरव्यू देख रहा था। मुख्यमंत्री जी की तस्वीर पहले ही हटा दी। सोचो डिप्टी सीएम ने सीएम की तस्वीर हटा दी और सीएम, डिप्टी सीएम को नहीं हटा सकते उन्होंने आगे कहा, "ये जो डिप्टी सीएम 'दीदी, दीदी, दीदी' कह रहे थे, आप बताओ दीदी हो गई वो अच्छी बात है दीदी कहा लेकिन वो तस्वीर कहां है मुख्यमंत्री की पंचायत चुनाव पर बोले अखिलेश पंचायत चुनाव को लेकर सपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपने किसान भाइयों, नौजवानों और गांव में रहने वालों से कहा है - "प्रधानी की तैयारी भूल जाइए, सरकार हटाइए फिर तैयारी करिए।" इस दौरान उन्होंने ओम प्रकाश राजभर का भी जिक्र किया।



# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सुनाया गया पीएम मोदी का लाइव प्रसारण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री द्वारा सोमवार को विज्ञान भवन नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के आयोजन में देशभर से जुड़ी महिलाओं एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। चित्रकूट जनपद में कार्यकम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सोनेपुर में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि हमारी सरकार ने माताओं एवं बहनों व बेटियों को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा योजनाएं बनाई व क्रियान्वित की जा रही है। कहा कि भारत के हर क्षेत्र में माताओं एवं बहनों का अमूल्य योगदान है। विकसित भारत बिना आधी आबादी के पूर्ण नहीं हो सकता। आज सरकार द्वारा आवास आवंटन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन आदि लाभपरक योजनाएं महिला मुखिया के नाम ही की जा रही हैं।

कार्यक्रम के बाल विकास परियोजना अधिकारी बी.एल. गुप्ता एवं महेन्द्र पटेल द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23 अप्रैल तक चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। जीवन के प्रथम 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना को ध्यान में रखते हुए महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार के लिए कार्यकम विगत 9 वर्षों से प्रधानमंत्री प्रेरणा चलाया जा रहा है। जनसमुदाय के स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बन्धित विभिन्न कन्वर्जेस विभागों द्वारा माँ एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक अनुकरण, प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा, स्क्रीन समय घटाने में माता-पिता और समुदाय की भूमिका, मजबूत आंगनवाड़ियों के लिए सामुदायिक समर्थन जुटाने सम्बन्धी गतिविधियां इस वर्ष आयोजित कराई जा रही हैं। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 23 अप्रैल तक चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के बारे में विस्तार के बताया। अन्त में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त कार्यक्रम समाप्त किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरूण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डी.सी. मनरेगा डी.एन. पाण्डेय, जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं, कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़ी महिलाएं, उद्यमी, स्टार्टअप लीडर्स, आंगनवाडी कार्यकत्री, सामाजिक कार्यकर्ता तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र की महिलाओं आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## नष्ट कराया गया 90.644 किलोग्राम अवैध गांजा

**चित्रकूट।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना राजापुर, मानिकपुर, बहिलपुरवा, भरतकूप के 34 मुकदमों के कुल 90.644 किलोग्राम अवैध गांजा का विनष्टीकरण किया गया।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थों का विनष्टीकरण व निस्तारण ऑपरेशन दहन के क्रम में न्यायालय एनडीपीएस एक्ट व अपर सत्र कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा की उपस्थिति में थाना राजापुर, मानिकपुर, बहिलपुरवा, भरतकूप के 34 मुकदमों के कुल 90.644 किलोग्राम अवैध गांजा का विनष्टीकरण किया गया।

## नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा सरकार ने महिलाओं को दिया विशेष अवसर

**चित्रकूट।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट द्वारा प्रेस वार्ता कराई गई। जिसमें प्रमुख रूप से कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी अनिल यादव, राजेश्वरी द्विवेदी, अश्विनी अवस्थी, रवि गुप्ता, जवाहर सोनी मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि केवल नारी उत्थान नहीं है, बल्कि नारी के नेतृत्व में विकास की दृष्टि बीते चंद वर्षों में राष्ट्र की नीति बनी है। इसी नीति को अब वैश्विक एजेंडा बनाने के साथ ही भारत नए संसद भवन में प्रवेश करेगा। भारत की नारी शक्ति के लिए यह एक विशेष अवसर बना है। लोकसभा विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ। जब से केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब से महिलाएं सशक्त हुई हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। आबादी में 50 प्रतिशत भागीदारी रखने वाली मातृ शक्ति का सच्चे अर्थ में सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सम्भव हुआ है। जी20 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को यह एहसास कराया की मातृशक्ति बेटियां न केवल नीतियों में सहभागिता कर सकती हैं, बल्कि निति निर्धारण में अपने पद को भी सुरक्षित कर पाने में सक्षम है। अभियान की संयोजक जिला महामंत्री अंजू वर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कई कार्यक्रम होने हैं, जिसमें अलग अलग संयोजक बनाए गए हैं। सभी अभियानों में महिलाओं की अग्रणी भूमिका रहेगी। जिससे महिलाओं में एक जागरूकता आएगी। कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं अपने आप को सशक्त महसूस करेंगी। प्रेस वार्ता में राखी चैबे, शकुंतला गुप्ता, अनीता सिंह, मौजूद रहीं।

## बाल विवाह रोकने के लिए चलाया गया जन जागरुकता अभियान




**चित्रकूट।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी पुलिकित गर्ग के निदेर्शानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता की देख-रेख में बाल विवाहों को रोकने के लिए जनपद में अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया है जिसका शास्त्रों-पुराणों में विशेष महत्व है यह एक ऐसी तिथि है, जिसे वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप में मनाते हैं, अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान पुण्य, तप, भजन जिसका कभी क्षरण नहीं होता है। अक्षय तृतीया को ही माँ गंगा का अवतरण हुआ था। भगवान परशुराम का अवतरण दिवस भी अक्षय तृतीया को ही हुआ है। अक्षय तृतीया को दैवीय तिथि भी माना जाता है हर वर्ष अक्षय तृतीया के महत्व को देखते हुए जन मानस में अपने बच्चों के शादी विवाह करने, तप करने आदि का भी प्रचलन है। जिसमें बाल विवाह होने की भी सम्भावना रहती है। बाल विवाह करना उतना ही महापाप है जितना अक्षय तृतीया को किया गया शुभ कर्म, जनपद में समस्त जन मानस को जागरूक होना चाहिए कि बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से खत्म करना हर समाजसेवी और नागरिक का कर्तव्य बनता है। सभी मन्दिर व मंदिर के पुजारी धर्मशाला, विवाह स्थल, लाज, होटल, रिसार्ट के मालिक, कर्मचारियों को सावधान रहना होगा कोई भी विवाह के आयोजन में वर-वधु की उम्र की जांच जरूर कर ले साथ ही पांडित्य कर्म कराने वाले पंडित, पुजारी, मौलवी, पादरी, सहयोगी नाई, माली, हलवाई व अन्य सहयोगी प्रतिष्ठानों को बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के कड़े प्रयास करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति की बाल विवाह करने, सहयोग करने, सम्मिलित होने की दशा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी और बाल विवाह शून्य माना जाएगा। बाल-विवाह होने की सूचना बाल विवाह टास्क फोर्स के दिए गये नम्बरों चाइल्ड लाइन 1098, पुलिस सेवा 112, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर, ए.एच.टी.यू. प्रभारी, एवं डॉ. सौरभ सिंह व बाल संरक्षण अधिकारी को भी सूचित कर सकते हैं।

## आग लगने से लाखों का सामान खाक किसानों के घर में मातम का माहौल

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत चुरेह कशेरुवा के मजरा अहिरान में सोमवार को आग लगने से लाखों का गल्ला जेवर घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग को अन्य घरों तक बढ़ने से रोकने में सफल रहे। बलराम यादव पुत्र सिपाही लाल यादव के खपरैल घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई घर में रखा 30 कुंतल भूसा, 30 कुंतल गेहूं, 20 कुंतल सरसों, 15 कुंतल जौ, कपड़े व करीब साढ़े तीन लाख के गहने एवं संपूर्ण घर जल कर खाक हो गया। वहीं बगल से राम मिलन यादव पुत्र दद्दी के घर में आग से 100 कुंतल भूसा, 40 कुंतल गेहूं, 8 कुंतल सरसों,12 कुंतल जौ, घरेलू सामान दो पंपिंग सेट, 1 लाख नगदी जल गए। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी मो. जसीम मौके पर पहुंचे और राजस्व टीम को पीड़ितों की जल्द से जल्द रिपोर्ट भेजने और दैवीय आपदा कोष से मदद कराए जाने का भरोसा दिया। घटना की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, फायर कर्मी इस्लाम मोहम्मद, कांस्टेबल धनंजय ने जलती आग में खपरैल घर में चढ़ कर अन्य घरों तक आग जाने में बहुत बड़ी मशक्कत कर बचाव किया।

## कतार में लग निदेशक ने स्टॉफ के साथ भोजन कर, भोजन की जानी गुणवत्ता

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित विश्व ख्याति प्राप्त सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के नव नियुक्त निदेशक डॉ इलेश जैन अपने स्टॉफ के बीच काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनके इस रवैए से हर कार्यकर्ता उनकी तारीफ कर रहे हैं। हाल ही डॉ. इलेश जैन चिकित्सालय परिसर में बने स्टॉफ भोजनालय का अचैक रूप से पहुंच गए और अपने स्टॉफ के साथ हांथ में थाली ले लाइन में लग गए जब एक दम से स्टॉफ की नजर उन पर पड़ी तो सभी चैंक गए। मगर जब तक स्टॉफ कुछ बोल पाता उससे पहले उन्होंने बड़े विनम्र भाव से बोलते हुए कहा कि आप सब लोग भोजन करिए, मैं भी आपके साथ बैठकर भोजन प्रसाद का आनंद लूंगा उनकी ये बात सुन सारा स्टॉफ खुश हो गया और उनकी तारीफ करने लगा। डॉ. इलेश ने भोजन कर रहे सभी स्टॉफ से भोजन की गुणवत्ता पर बात चीत करते हुए जानकारी भी लिया। उनके ऐसे व्यवहार से सभी कार्यकर्ता बहुत खुश है और सभी के बीच चर्चा का विषय बने हुए है। वहीं जब इस पर सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ इलेश जैन से बात चीत की गई तो उन्होंने बड़े ही नम्र भाव से जवाब देते हुए कहा कि हम भी एक इंसान है हम कोई अलग से नहीं आए हमारा स्टॉफ हमारा परिवार है और अपने परिवार के साथ बैठना हर इंसान का काम भी है और कर्तव्य भी है।

# टी.डी.डी.पी.टी. टीकाकरण अभियान 30 अप्रैल तक

### सीएमओ ने कहा डिप्थीरिया आउटब्रेक रोकथाम के लिए टीकाकरण बेहद जरूरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद में किशोर एंव किशोरियों को डिप्थीरिया जैसे बीमारी से बचाव के लिए आगामी 20 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य स्कूलों में टीकाकरण सत्र आयोजित करते हुए टी.डी. एंव डी.पी.टी. टीकाकरण का आयोजन किया जाएगा।

शासन स्तर से प्राप्त निर्देश के क्रम में डिप्थीरिया आउटब्रेक (गलाघोटू) की रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में टी.डी.डी.पी.टी. का स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान माह अप्रैल में 20 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार एंव शुक्रवार के दिवसों में जनपद में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में टीकाकरण सत्रों को संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों में होने वाली इस गम्भीर बीमारी को टीकाकरण अभियान के माध्यम से रोका जा सकता है। टीकाकरण के दौरान डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों से बचाव के लिए ब्लाकों व शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टी.डी. टीकाकरण अभियान को नियत समयसीमा के अन्तर्गत संचालन के लिए डी.पी.टी. 2, बूस्टर 5-6 वर्ष के बच्चे, टी.डी.10 दस वर्ष के बच्चे तथा टी.डी.16 सोलह वर्ष के बच्चे को टीकाकरण सत्रों पर टीडी व डीपीटी वैक्सीन से टीकाकरण किया जाएगा।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एंव संचालन के लिए जिला टास्क फोर्स बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आगामी 17 अप्रैल को सभी ब्लॉक चिकित्सा इकाईयों के अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एंव जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी की उपस्थिति में प्रस्तावित है। जिससे सम्बन्धित जानकारी साझा करते हुए अभियान को सफल बनाए जाने के लिए रणनीति तैयार की जा सकें। अभियान से पूर्व शिक्षकगण अभिभावक स्कूल डायरी के माध्मय से अभिभावकों को अभियान के लिए संदेश प्रसारित कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान करें, जिससे सभी बच्चों का टीडी टीकाकरण समयबद्ध तिथियों में सरकारी एंव गैर सरकारी विद्यालयों में शत प्रतिशत कराया जा सके।

# बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा पाठा की समस्याओं को लेकर लगातार कर रहा संघर्ष

### किसानों व पेयजल की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में पाठा क्षेत्र के ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई।

ग्रामीणों ने बताया कि पाठा क्षेत्र शैक्षिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। यहाँ के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को संसाधनों एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता नहीं मिल पा रही है। आर्थिक कमजोरी के कारण अधिकांश विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पाते हैं। ऐसे में न्याय पंचायत रुखमा खुर्द में मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना की मांग की गई है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

किसानों की समस्या को उठाते हुए बताया गया कि बहिलपुरवा सहकारी समिति में अभी तक गेहूं खरीद प्रारंभ नहीं की गई है, जबकि क्षेत्र में गेहूं की फसल तैयार है। इसके कारण किसानों को अपनी उपज कम दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा ग्राम पंचायत रुकमा बुजुर्ग के मजरा बरहुनीतीर में पिछले 6 महीने से हैण्ड पम्प बिगड़ा है जो अभी तक ठीक नहीं कराया गया है, जिसकी शिकायत भी आनलाइन माध्यम और जिलाधिकारी कार्यालय में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ठीक नहीं कराया गया है जिससे वहां के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पम्प ठीक कराने की मांग की गई है।

इस अवसर पर एडवोकेट प्रखर पटेल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा एवं किसानों की समस्याओं का समाधान अत्यंत आवश्यक है, जबकि समाजसेवी मुकेश कुमार ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समय से समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान मीरा भारती, संजय सिंह, विपिन, सागर पटेल, विक्रम पटेल, अजय पटेल, अतुल पटेल, संदीप, अंकित, अभय, सद्दाम व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मसाल जुलूस

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ चित्रकूट द्वारा सोमवार को पटेल तिराहा से शहीद स्मारक पार्क तक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। शैक्षिक संगठनों द्वारा एकजुट होकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त रखने के लिए यह मशाल जुलूस निकाला गया।

महासंघ के प्रदेश संयोजक कमलेश पाण्डेय द्वारा सरकार के टेट अनिवार्यता निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया और निर्णय को वापस न लिए जाने तक संघर्ष जारी रखने की हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों पर नए-नए आदेश पारित कर प्रताड़ित किया जा रहा है जिसको शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे। और इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। मण्डल संयोजक शिवसागर मिश्रा द्वारा कहा गया कि जो शिक्षक रिटायर होने की कगार पर हैं, वह अब परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकते। नये शिक्षक पहले से टेट क्वालीफाई हैं, परंतु अब टेट के अस्तित्व में आने से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर इसे थोपे जाने से समस्त शिक्षक मानसिक प्रताड़ना से जूझ रहे हैं। महासंघ मण्डल महामंत्री विश्वबन्धु पाण्डेय ने कहा कि सरकार समय समय पर शिक्षकों को किसी न किसी प्रकार अवैध प्रताड़ना देती रहती है। शिक्षक अपने भर्ती के समय इन्ही सरकारों के समस्त मानदण्डों को पूरा कर यहाँ तक पहुचा है। इस निर्णय को वापस होना चाहिए। इसी क्रम में महासंघ के जिला संयोजक हर्ष त्रिपाठी द्वारा कहा गया कि टेट 2011 से लागू हुआ है, उसके बाद के सभी शिक्षक इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद ही नियुक्त हुए हैं, परंतु सरकार द्वारा नियम बना कर इसे सभी शिक्षकों के ऊपर थोपा जा रहा है जो अनुचित है। इसके साथ ही सह संयोजक बी.के. मिश्रा ने सरकार के इस निर्णय को गैर जिम्मेदाराना और शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताणित करने वाला बताया। महासंघ के घटक पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा द्वारा कहा गया कि पूर्व के समस्त शिक्षकों द्वारा अपने चयन के समय की सारी योग्यताओं अर्हताओं को पूर्ण करने के बाद ही नियुक्ति पाई थी। किसी भी कर्मचारी के नियुक्त होने के उपरांत उस पर कोई नई शैक्षणिक योग्यता थोपना अन्यायपूर्ण है और सरकार को अपने इस नियम को रद्द करना चाहिए। महासंघ के घटक संयोजक अमर बहादुर सिंह द्वारा टेट अनिवार्यता का पुरजोर विरोध करते हुए कहा गया कि मशाल जुलूस के बाद भी यदि सरकार अपने इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो महासंघ संसद भवन का घेराव करेगा।

कार्यक्रम में नवनीत निगम, मोतीलाल सिंह, मनोज सोनी, आनंद यादव, अमरनाथ यादव, मीनू तिवारी, वंदना राजपूत, अनिल सिंह, मुकेश कुमार, दीपू शुक्ला, इकबाल, अनूप मिश्र, अरविंद वर्मा, कमलेश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, अरविंद कुमार, किसान यूनियन से शिव सिंह, देवेंद्र सिंह, काशिफ भाई, अभिषेक केशरवानी, सुंदरलाल गुप्ता, लवलेश कुशवाहा, कुलदीप द्विवेदी, मलखान सिंह, रामचरित मिश्रा, आनंद मिश्रा, सत्य भूषण सिंह, परमानंद सिंह, सुनील सिंह, विनोद वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रकाशोत्सव के रूप में मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**चित्रकूट।** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयंती समिति अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा पंजीकृत शाखा चित्रकूट के तत्वाधान में वंचितों के सहारा, नारी उद्धारक, भारत रत्न संविधान निमार्ता बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम मंगलवार को पटेल तिराहा से प्रारंभ होकर गाजे बाजे के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए धुस मैदान पार्क नगर पालिका में विचार संगोष्ठी तथागत बुद्ध एवं बाबा साहेब के जीवन संघर्षों एवं उनके बताए मार्ग पर प्रकाश डाला जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, परीक्षा में सफलता प्राप्त मैरिट सूची के प्रतिभागी गणों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे अन्धविश्वास, आडम्बर, दहेज प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा को मिटाने एवं कार्य करने को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मार्च में सेवानिवृत्त शिक्षकों को समिति के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अलग अलग गांवों मुहल्लों से झांकियां आयेंगी, जो कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी जैसे सिद्धपुर से जानकी शरण, तरौंहा से सहरोज फातमा, रगौली से निर्भय कोटार्य, कर्वी माफी से कल्लू प्रसाद पूर्व प्रधान, विद्या नगर से रामनाथ, अम्बेडकर नगर से सौरभ कुमार, तरांव से विनोद कुमार, लोढ़वारा से मतगंजनप्रसाद, गोलतालाब से शिवप्रसाद आदि सभी धम्म उपासक उपासिकाएं प्रभात फेरी में शामिल होंगे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की संध्या पर सभी उपासकगण मोमबत्ती जलाएंगे, जो प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में कमलेश कुमार, अभिषेक वर्मा, दिनेश कुमार, मानवेन्द्र कुमार, रेवती रमन, विनोद कुमार, चन्द्र प्रकाश, गणेशशंकर विद्यार्थी, शंकर दीन, सुदामा प्रसाद, नगीना, गीता वर्मा, ज्योति राव, राजकुमारी, प्रेमलता, राजलक्ष्मी, भैयालाल, विजय कुमार, कपिल गौतम, राम सिया, धर्मेन्द्र कुमार भास्कर, दिनेश कुमार स्नेही, आलोक कुमार बौद्ध, आदि उ पासक उपासिकाओं को अलग-अलग जिम्मेदारी प्रदान की गई हैं।

# अमेरिका में रह रहे ईरानी मूल के लोगों पर कार्रवाई - ट्रंप प्रशासन ने ग्रीन कार्ड छीने

**अमेरिका**
**ट्रंप** प्रशासन ने अमेरिका में लंबे समय से रह रहे उन ईरानी नागरिकों के ग्रीन कार्ड रद्द कर दिए हैं, जिनका संबंध वर्तमान या पूर्व वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों से है। विदेश विभाग ने शनिवार को कहा कि उसने लॉस एंजिल्स क्षेत्र के मनोविज्ञान शिक्षक सैयद ईसा हाशमी, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है। ये सभी ईरान में जन्मे और अमेरिका के वैध स्थायी निवासी थे। पाकिस्तान में ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता शुरू होने के दौरान जारी एक बयान में विभाग ने कहा कि उन्हें आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है और उन्हें निर्वासित किया जाएगा। विभाग ने बताया कि हाशमी, मासूमेह इब्तेकर के बेटे हैं, जिन्होंने 1979 में तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्जा करने वाले हमलावरों की प्रवक्ता के रूप में काम किया था और बाद में ईरान की पहली महिला



उपराष्ट्रपति बनीं थीं। पिछले ही हफ्ते, अमेरिकी विदेश विभाग ने पूर्व इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रमुख कासिम सुलेमानी की भतीजी और पोती के ग्रीन कार्ड रद्द कर दिए, जिनकी 2020 की शुरूआत में बगदाद में अमेरिकी हवाई हमले में मौत हो गई थी। पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में शांति

वार्ता
पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता शनिवार को इस्लामाबाद में हो रही है। सूत्रों ने बताया कि बातचीत के लिए ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जबकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह पहुंचा। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ह्यपीटीआई-भाषाह्ल को बताया कि ह्यसीधी वार्ताह्ल के पहले दौर के समापन के बाद विदेश कार्यालय द्वारा एक बयान जारी किए जाने की संभावना है। अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और पश्चिम एशिया मामलों के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ शामिल हैं, जबकि ईरान का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अन्य वरिष्ठ नेता कर रहे हैं।

# दुनिया के लिए हम कर रहे हैं रास्ता साफ- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिका**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य को साफ करना शुरू कर दिया है, जो वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के सभी 28 माइन बिछाने वाले जहाजों को डुबो दिया गया है और अमेरिकी सेना अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित कर रही है।
वैश्विक तेल मार्ग खतरे में
होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और दुनिया के कच्चे तेल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा यहीं से होकर गुजरता है। पिछले कुछ हफ्तों से ईरानी हमलों के डर से जहाजरानी बाधित हुई है और वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ी हैं, हालांकि अधिकांश तेल संयुक्त राज्य अमेरिका को नहीं जाता है।



ट्रंप ने इस अभियान को चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और जर्मनी सहित कई देशों के लिए एक सेवा के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि इन देशों की यह कहकर आलोचना की कि उनमें यह काम स्वयं करने का साहस या इच्छाशक्ति नहीं है।
विलंब के बाद शांति वार्ता शुरू हुई ये टिप्पणियाँ तब आईं जब अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाँच घंटे के विलंब के बाद उच्च स्तरीय युद्धविराम वार्ता के लिए पाकिस्तान के इस्लामाबाद में मिले।
इन वाताओं को खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, हालाँकि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास अभी भी बहुत अधिक है। अपने पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना, मिसाइल कार्यक्रम और प्रमुख नेतृत्व को भारी नुकसान पहुँचा है।

# ईरान ने यूएस वार्ता के बीच पाक पर तालिबान का हमला, दागे रॉकेट, भागी मुनीर की सेना

**ईरान**
**पाकिस्तान** में इस वक्त शांति वार्ता चल रही है। ईरान, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बता दें कि इस्लामाबाद में हाई लेवल मीटिंग जारी है। लेकिन बता दें कि तभी अफगानिस्तान ने एक साथ कई सारे रॉकेट दाग दिए हैं पाकिस्तान पर और इस हमले के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। पूरी दुनिया हैरान है। इस्लामाबाद तक हिल गया है। अलर्ट जारी कर दिया है हर तरफ। लेकिन सबसे हैरान कर देने वाली बात जो सामने आई वो यह है कि हमले से ठीक पहले ही पाकिस्तान के फेल मार्शल असीम मुनीर ने अपनी वर्दी तक उतार दी है। सोचिए यह कितनी बड़ी बेइज्जती है कि जब आपके देश में इंटरनेशनल डेलीगेशन मौजूद हो। दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के जो प्रतिनिधि है, उपराष्ट्रपति है, वह आपके मेहमान हो। लेकिन दूसरी तरफ आप ही के देश पर हमले शुरू हो जाए। दरअसल बता दें कि पाकिस्तान इस वक्त खुद अपने आप को एक बड़े पीस ब्रोकर के तौर पर पेश करने की लगातार फेल कोशिश कर रहा है।
ईरान और अमेरिका जैसे देशों के बीच यहां पर वो बातचीत करवाने की कोशिश कर रहा है। दावा कर रहा है। लेकिन इस्लामाबाद में जो हुआ उसने पाकिस्तान की पोल खोल कर रख दी है। इस्लामाबाद में इंटरनेशनल डेलीगेशन मौजूद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के बड़े नेता अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इस मीटिंग में शामिल होने के लिए पहुंच चुके हैं। लेकिन इसी बीच जो हुआ उसने



पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सारे सवाल खड़े कर दिए हैं और पोल भी खोल कर रख दी है। खैर सबसे पहले जो ताजा मामला सामने आया है उसका खुलासा आपके सामने कर देते हैं। खबरों के मुताबिक अफगानिस्तान की तरफ से कुनार प्रांत के नारी जिले में डूंड लाइन के पास स्थित पाकिस्तान की टोर कमर चौकी को निशाना बनाया गया है। इससे टारगेट किया गया है और रॉकेट से इसे टारगेट किया गया। इस हमले में मोटार, रॉकेट और भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया अफगानिस्तान की तरफ से।यह दावा किया जा रहा है कि इस हमले में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है और पाकिस्तान के जो कई सैनिक हैं ये अपनी पोस्ट छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए हैं।
अफगानिस्तान ने इन्हें भगा दिया है। दरअसल बता दें कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पिछले दो महीनों से ही लगातार तनाव जो है वो बना हुआ है। लगातार यहां पर एक दूसरे पर हमले किए जा रहे हैं।

# हमारा तेल भरने आ रहे हैं टैंकर- डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिका**
**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अमेरिका के तेल और गैस भंडारों पर अटूट विश्वास जताया और दावा किया कि अमेरिका के पास अगले दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों के कुल भंडार से भी अधिक तेल है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने अमेरिका को एक अद्वितीय वैश्विक ऊर्जा शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया और इसके संसाधनों को प्रचुर मात्रा में और उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला बताया। ट्रंप ने वैश्विक ऊर्जा लॉजिस्टिक्स में हो रही गतिविधियों में आई तेजी की ओर भी इशारा किया और कहा कि बड़ी संख्या में खाली तेल टैंकर इस समय अमेरिका की ओर बढ़ रहे हैं। उनके अनुसार, ये जहाज, जिनमें से कुछ दुनिया के सबसे बड़े जहाज हैं, सर्वोत्तम और बेहतरीन तेल और गैस भरने के लिए आ रहे हैं।
उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका तेजी से निर्यात करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में अपनी तत्परता और प्रभुत्व के संदेश को और मजबूत किया। दुनिया भर के सबसे बड़े तेल टैंकरों में से कुछ पूरी तरह से खाली टैंकर, इस समय संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर जा रहे हैं ताकि दुनिया का सबसे बेहतरीन और सबसे स्वादिष्ट तेल (और गैस!) भर सकें। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया हमारे पास दुनिया की दो सबसे बड़ी तेल अर्थव्यवस्थाओं के कुल तेल से भी अधिक तेल है।
इस्लामाबाद में राजनयिक वार्ता
उनके ये बयान ऐसे समय आए हैं जब इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय राजनयिक प्रयास जारी हैं। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के समाधान के उद्देश्य से महत्वपूर्ण चचाओं के लिए अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे हैं। मोहम्मद बगेर गालिबफ और वरिष्ठ राजनयिक अब्बास अराघची के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल शनिवार तड़के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तानी राजधानी पहुंचा। अमेरिकी पक्ष में मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल हैं, जबकि समग्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जेडी वैंस कर रहे हैं। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि दोनों पक्षों के कई घंटों तक एक ही शहर में मौजूद रहने के बावजूद, अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच अभी तक कोई सीधी बातचीत नहीं हुई है। औपचारिक वार्ता शुरू होने से पहले ही, वाशिंगटन और तेहरान के बीच गहरे अविश्वास के कारण राजनयिक गति धीमी दिखाई दे रही है। व्हाइट हाउस ने अपना दृढ़ रुख बनाए रखा है और संकेत दिया है कि उसकी मूल मांगें अपरिवर्तित हैं, जबकि ईरानी अधिकारियों ने भी अमेरिकी इरादों पर संदेह व्यक्त किया है, जिससे आगे का रास्ता और जटिल हो गया है।

# तेहरान की कड़ी शर्तों से अटकी बातचीत



**तेहरान**
**पाकिस्तान** में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम के प्रयासों को झटका लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच अविश्वास की दीवार खड़ी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान में वार्ता शुरू होने से पहले ही संघर्ष विराम के प्रयासों पर संकट मंडरा रहा है। व्हाइट हाउस ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि ट्रंप की 'रेड लाइन' में कोई बदलाव नहीं आया है और वह तेहरान की मांगों के आगे नहीं झुकेंगे।
तब से चार घंटे बीत जाने के बावजूद, उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और जेरेड कुशनर के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के साथ सीधी बातचीत नहीं की है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने जर्मन समकक्ष से बातचीत में कहा कि तेहरान अविश्वास के साथ वार्ता में शामिल हो रहा है, जिससे छह सप्ताह से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के प्रयास और भी जटिल हो गए हैं। युद्धरत पक्षों के बीच सीधी बातचीत के अभाव में, कुछ पूर्व शर्तों के पूरा होने पर मेजबान देश पाकिस्तान की भागीदारी के साथ त्रिपक्षीय बैठक की संभावना उभर कर सामने आई है।
तो, वे पूर्व शर्तें क्या हैं? फिलहाल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से मिल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी अधिकारी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से सीधे मुलाकात कर रहे हैं, जबकि वे तेहरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ और अरागची समेत ईरानी प्रतिनिधिमंडल से अलग से बातचीत कर रहे हैं।
अल जजीरा ने इस्लामाबाद से रिपोर्ट किया है कि ईरान कुछ पूर्व शर्तों के पूरा होने पर ही अमेरिका और पाकिस्तान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल होगा।

# संकट के बीच भारत की बड़ी कामयाबी

**ईरान**
**भारतीय** ध्वज वाला एलपीजी पोत जग विक्रम शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर गया। पोत में लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी का माल लदा है और इसमें 24 नाविक सवार हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके 15 अप्रैल 2026 को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि टैंकर शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में पूर्व दिशा की ओर




बढ़ता हुआ पाया गया। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर अपडेट देते हुए सरकार के एक बयान में भी पोत की गतिविधि की पुष्टि की गई।
एलपीजी टैंकर जग विक्रम के बारे में सब कुछ जानें
जग विक्रम मार्च की शुरूआत से फारस की खाड़ी से निकलने वाला नौवां भारतीय पोत है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी इस क्षेत्र में मार्ग की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मुंबई स्थित ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी के स्वामित्व वाला जग विक्रम एक मध्यम आकार का गैस वाहक पोत है जिसकी डेडवेट क्षमता 26,000 टन से अधिक है।
होर्मुज जलडमरूमध्य में 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद थे
पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय कम से कम 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूद थे, जिनमें से 24 पश्चिमी और चार पूर्वी जलडमरूमध्य में थे। जग विक्रम के पारगमन से पहले, पश्चिमी और पूर्वी जलडमरूमध्य से आठ और दो जहाज सुरक्षित रूप से निकल चुके थे।

# भारत की न्यूक्लियर छलांग पर क्या बोला पाकिस्तान? हर तरफ हो रही चर्चा

**पाकिस्तान**
**भारत** ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में जो कामयाबी हासिल की उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। चीन से लेकर पाकिस्तान तक हर जगह भारत की इस उपलब्धि की चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे बड़ी वैज्ञानिक प्रगति माना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान में इस खबर को लेकर मायूसी और बेचैनी भी साफ नजर आ रही है। पाकिस्तानी डॉन ने रिपोर्ट में माना कि भारत अब अपने न्यूक्लियर फ्यूल प्रोडक्शन के बेहद करीब पहुंच चुका है। डॉन ने लिखा कि भारत ने अपने स्वदेशी रिएक्टर के जरिए खुद का परमाणु ईंधन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा लिया है। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश अब 2047 तक अपनी परमाणु क्षमता को 100 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रख रहा है। अखबार ने पीएम मोदी के हवाले से बताया कि ये रिएक्टर अपनी खपत से ज्यादा ईंधन पैदा करने की ताकत रखता है। हालांकि डॉन ने जहां यह खबर छापी वहीं पाकिस्तान के आर्म्स कंट्रोल एडवाइजर जाहिर काजमी सोशल मीडिया पर अपना डर छिपा नहीं पाया।
काजमी ने एक तरह से रोते हुए भारत पर आरोप लगाए कि इस रिएक्टर की मदद से भारत अब परमाणु बम बनाने लायक प्लूटोनियम तैयार कर सकता है। काजमी का दावा है कि इस नए रिएक्टर के जरिए भारत अब इतनी बड़ी मात्रा में हथियार ग्रेड प्लूटोनियम बना पाएगा जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। काजमी ने यह भी दावा किया कि भारत का यह परमाणु कार्यक्रम अब उसे हर साल 300 परमाणु बम बनाने की ताकत देगा। हालांकि पाकिस्तान की बातों को वैसे भी कोई गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि यह हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान में यह मायूसी इस वजह से भी है क्योंकि भारत ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है जिसकी कल्पना पाकिस्तान के यहां की भी नहीं जा सकी। रही बात हकीकत



की तो भारत का यह परमाणु कार्यक्रम मुख्य रूप से ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए है और दुनिया भर के बड़े परमाणु इंजीनियर्स ने भारत की इस स्वदेशी तकनीक की तारीफ भी की है। पाकिस्तान का यह डर दरअसल उसकी अपनी असुरक्षा का नतीजा है। वहीं अक्सर भारत की कामयाबी पर अक्सर चुप रहने वाली चीनी मीडिया ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। चीनी मीडिया सिवा ने अपने रिपोर्ट में लिखा कि भारत ने अपने परमाणु कार्यक्रम में एक मील का पत्थर छू लिया है। भारत का सबसे उन्नत और स्वदेशी तकनीक से डिजाइन किया गया रिएक्टर अब पूरी तरह सक्रिय होने की स्थिति में आ गया है। चीनी मीडिया ने माना कि भारत अब अपनी तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुका है। और देखा जाए तो यह चीन के लिए भी एक संकेत है कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत अब आत्मनिर्भरता की उस दहलीज पर खड़ा है जहां से उसे हराना मुश्किल होगा और आपको जानकर हैरानी होगी ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# इस्लामाबाद मीटिंग के बाद चीन का बड़ा खेल, तेहरान में सैकड़ों टन बम और मिसाइल!

**चीन**
**ईरान,** अमेरिका, इजराइल जंग में अब बता दें कि चाइना की एंट्री हो गई है और इस दावे ने पूरी दुनिया को इस वक्त चौंका दिया है, हैरान कर दिया है। बता दें कि इस्लामाबाद में बातचीत हो रही है अमेरिका और ईरान के बीच में लेकिन दूसरी तरफ की जो कहानी है वो सबसे ज्यादा हैरान कर देने वाली है। सीज फायर जरूर हुआ है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान अपने हाथ में हाथ रखकर चुप बैठा रहेगा। इस टाइम को ईरान अपनी सैन्य ताकत को और भी ज्यादा मजबूत करने में जुटा हुआ है। अब जो खबर सामने आई है उसके मुताबिक युद्ध विराम के बीच ईरान खुद को और भी ज्यादा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। जो खुफिया जानकारी सामने आई है उससे यह पता चला है कि चाइना अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी कर रहा है। खुफिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया, यह भी दावा किया गया है कि ईरान सीज फायर का फायदा उठाकर विदेशी दोस्तों की मदद से अपने हथियारों का जखीरा भरना चाहता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हथियारों में आपको बता दें कि सीधे नहीं बल्कि किसी तीसरे देश के रास्ते ईरान तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जा रही है। योजना बनाई जा रही है और उस पर काम किया जा रहा है ताकि चीन की भूमिका बिल्कुल भी सामने ना आए। यानी ऊपर से न्यूट्रल रहने की बातचीत हो रही है और अंदर ही अंदर तैयारी कुछ और ही चल रही है।
सूत्रों के मुताबिक बता दें कि बीजिंग



सिस्टम को ट्रांसफर करने की तैयारी कर रहा है। वे कंधे से दागे जाने वाले एंटी एयर मिसाइल सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है। जिन्हें मैनपड्स कहा जाता है। ये ऐसे हथियार होते हैं जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर के लिए बेहद खतरनाक साबित होते हैं। यह बताया गया कि पांच हफ्तों तक चले युद्ध में ऐसे सिस्टम नीचे उड़ने वाले अमेरिकी एयरक्राफ्ट के लिए एक बड़ा खतरा भी साबित हुए थे और इसी के जरिए उन्हें टारगेट किया गया था। और अगर सीज फायर टूटता है तो यही हथियार चाइना का यही हथियार एक बार फिर अमेरिका और इजराइल के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आएगा। इस बीच बता दें कि एक और बड़ा दावा भी सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बताया गया कि हाल ही में जिस अमेरिकी ऋ-15 फाइटर जेट को मार गिराया था उसे एक हैंड हेल्ड हीट स्किंग मिसाइल से निशाना बनाया गया था। हालांकि बता दें कि यह साफ बिल्कुल भी नहीं हो पाया है। पुष्टि नहीं हो पाई है कि वो सिस्टम चीन में बना था या फिर नहीं। लेकिन अगर ऐसा साबित होता है तो यह बीजिंग की सीधी भागीदारी की ओर साफ-साफ इशारा करता है। दरअसल बता दें कि चीन और ईरान के बीच ये जो तकनीकी सहयोग है यह पहले से ही रहा है। यह नया नहीं है। सूत्रों का यह भी कहना है कि चीनी कंपनियां ईरान को ड्यूल यूज टेक्नोलॉजी देती रही है। जिससे ईरान जो है वो अपने हथियार और नेविगेशन सिस्टम को और भी ज्यादा बेहतर बना सके और यह बेहतर बनाता आया भी है। लेकिन अगर सीधे हथियार सिस्टम ट्रांसफर होता है तो यह मदद का एक बिल्कुल ही नया स्तर होगा। अब इस पूरे मामले का एक कूटनीतिक एंगल भी सामने आया है। दरअसल बता दें कि अगले महीने जो है बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात होने की उम्मीद है। ऐसा रिपोर्ट में दावा किया गया है।